डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

Join Telegram Channel Search @rojgaraurnirman

मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर न आए ऐसे प्रयास किए जाएं - मुख्यमंत्री

प्रदेश की 22 हजार 813 ग्राम पंचायतों में से 20 हजार 565 ग्राम पंचायतें कोरोना मुक्त

भोपाल, मध्यप्रदेश में इस तरह के प्रयास किए जाएं कि कोरोना की तीसरी लहर आए ही नहीं। किल-कोरोना अभियान-4 में अधिक से अधिक टेस्ट किए जाएं, कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग की जाए तथा माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र बनाए जाएं। एक-एक मरीज की पहचान कर उन्हें निःशुल्क मेडिकल किट प्रदान करने का कार्य निरंतर जारी रहे। कोरोना नियंत्रण का मूलमंत्र है जनता की भागीदारी। गांव, कस्बों और शहरों के क्राइसिस मैनेजमेंट समूह निरंतर सक्रिय रूप से कार्य करें। प्रदेश की 22 हजार 813 ग्राम पंचायतों में से 20 हजार 565 ग्राम पंचायतें कोरोना मुक्त हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए कि कोरोना की तीसरी लहर के संबंध में देश-दुनिया में अध्ययन करें। विशेषज्ञों के साथ चर्चा करें तथा उसके अनुसार पूरी तैयारी करें। स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर बेहतर बनाया जाए।

बैठक में बताया गया कि 27 मई को प्रदेश में 1977 नए प्रकरण आए हैं। प्रदेश की साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 4 प्रतिशत तथा 27 मई की पॉजिटिविटी रेट 2.8 प्रतिशत है। 27 मई को 6888 मरीज स्वस्थ हुए हैं तथा एक्टिव मरीजों की संख्या 38327 हो गई है।

एक जून से वैक्सीनेशन के लिए विशेष अभियान

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सागर संभाग की समीक्षा करते हुये कहा कि सागर सहित प्रदेश के सभी संभागों में 1 जून 2021 से वैक्सीनेशन का वृहद अभियान चलाया जाए। अभियान में अधिक से अधिक व्यक्तियों का टीकाकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि संक्रमण के नियंत्रण में वैक्सीनेशन की प्रभावी भूमिका है।

फेफड़ों को मजबूत करता है प्राणायाम

श्री चौहान ने कहा कि प्राणायाम से फेफड़े मजबूत होते हैं। स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग के साथ मिलकर योग एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण सभी इच्छुक व्यक्तियों को देने की व्यवस्था करें। वर्तमान में 'योग से निरोग' कार्यक्रम के अंतर्गत होम आइसोलेशन और कोविड केयर सेंटर्स आदि में योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रदेश के दो जिलों इन्दौर एवं भोपाल में ही 100 से अधिक नए प्रकरण आए हैं। इंदौर में 533 एवं भोपाल में 409 नए प्रकरण आए हैं। इसके अलावा तीन जिलों जबलपुर (99), सागर (96) तथा ग्वालियर (51) में 50 से अधिक प्रकरण हैं।

प्रदेश के 46 जिलों में 5 प्रतिशत से कम पॉजिटिविटी दर है। छह जिलों में साप्ताहिक पॉजिटिविटी दर इन्दौर (8.1 प्रतिशत), भोपाल (7.7 प्रतिशत), सागर (7 प्रतिशत), रतलाम (6.1 प्रतिशत), अनूपपुर (6.6 प्रतिशत) तथा रीवा में (5.2 प्रतिशत) है।

खरगोन जिले को बधाई

मुख्यमंत्री ने खरगोन जिले में कोरोना संक्रमण को प्रभावी रूप से नियंत्रित किए जाने के लिए खरगोन जिले की पूरी टीम को बधाई दी। नीमच में भी स्थिति बेहतर है। बड़वानी जिले में भी कोरोना पर अच्छा नियंत्रण है। यहां की साप्ताहिक पॉजिटिविटी दर 0.7 प्रतिशत है। आठ नए प्रकरण हैं। धार जिले में भी संक्रमण नियंत्रित है, यहां की साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 3.9 प्रतिशत है।

खरीफ फसल

बीज एवं उर्वरकों की सुगम आपूर्ति सुनिश्चित करें

भोपाल, मध्यप्रदेश में खरीफ 2021 के लिए किसानों को बीज और उर्वरकों की आपूर्ति समय पर सुनिश्चित की जाए। कृषकों को किसान कल्याण की सभी योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से दिलाया जाए। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में खरीफ 2021 की तैयारियों की समीक्षा करते हुये कही। बैठक में बताया गया कि खरीफ 2021 के प्रस्तावित कार्यक्रम में 149.57 लाख हेक्टेयर क्षेत्र खरीफ फसलों से क्षेत्राच्छादित करने तथा 272 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यूरिया की उपलब्धता 31 मई 2021 तक 5.50 लाख मीट्रिक टन करने के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी तरह डीएपी की उपलब्धता 4.50 लाख मीट्रिक टन करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

ब्लैक फंगस

इंजेक्शन की उपलब्धता के उठाये गये कदम

भोपाल, राज्य शासन द्वारा ब्लैक फंगस (म्यूकारमाइकोसिस) के उपचार के लिये इंजेक्शन एम्फोटेरिसिन-बी की सुगम उपलब्धता के प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। जरूरतमंदों को इंजेक्शन आसानी से, सही दरों पर उपलब्ध हो सकें, इसके लिये औषधि निरीक्षकों को निर्देश दिये गये हैं कि इंजेक्शन की कालाबाजारी पर कड़ी नजर रखें। प्रदेश में 25 मई तक की स्थिति में 5 हजार 708 एम्फोटेरिसिन-बी इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जो निर्धारित मापदण्ड के अनुसार निजी और शासकीय चिकित्सालयों को उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

खास खबर

पैरामेडिकल संवर्ग की संयुक्त भर्ती परीक्षा 2020

भोपाल, प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड भोपाल द्वारा पैरामेडिकल संवर्ग में लैब टेक्नीशियन, रेडियोग्राफर एवं नेत्र सहायक के पदों के लिए संयुक्त लिखित परीक्षा 2020 में आयोजित की गई थी। बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में जो अभ्यार्थी मेरिट लिस्ट में आये हैं, उनको संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं मध्यप्रदेश द्वारा संभाग और जिले आवंटित किये गये हैं। प्रत्येक अभ्यार्थी अपने आवंटित क्षेत्रिय संचालक कार्यालय में मूल दस्तावेजों के सत्यापन एवं नियुक्ति प्रक्रिया के लिए सात दिन के अंदर उपस्थिति सुनिश्चित करें। विस्तृत जानकारी तथा दिशा निर्देश लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की वेबसाइट www.health.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

राज्य वन्य-प्राणी बोर्ड की बैठक

वनों को नुकसान पहुंचाए बिना कराए जाएं विकास कार्य

भोपाल, मध्यप्रदेश में वन क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए दी जाने वाली अनुमतियों में इस बात का पूरा ध्यान रखा जाए कि विकास कार्यों से प्रदेश के वनों एवं वन्य-प्राणियों को कोई नुकसान न हो। वन्य-प्राणियों के विरुद्ध अपराध करने वालों के विरुद्ध न केवल तुरंत कार्रवाई हो, बल्कि उन्हें सजा मिलना भी सुनिश्चित किया जाए। जंगली जानवरों से जनता को कोई हानि न हो, इसके लिए भी पूरे प्रयास किए जाएं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में मध्यप्रदेश राज्य वन्य-प्राणी बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहीं।

वन मंत्री कुंवर डॉ. विजय शाह ने बताया कि प्रदेश में नवम्बर माह में अफ्रीका से चीता आएगा। चम्बल अभ्यारण्य में घड़ियालों की संख्या बढ़कर 2176 तथा डाल्फिन की संख्या 82 हो गई है। गिद्धों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व एवं भेड़ाघाट को विश्व धरोहर की संभावित सूची में शामिल किया गया है। बाघों की गणना वर्ष 2022 में प्रारंभ होगी।

रातापानी अभ्यारण्य में फोर लेन मार्ग की स्वीकृति

बैठक में रातापानी अभ्यारण्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-69 के फोर लेन चौड़ीकरण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई। रातापानी अभ्यारण्य में दमोह-पटेरा जल समूह प्रदाय योजना, ओरछा अभ्यारण्य में निमाड़ी-पृथ्वीपुर जल समूह प्रदाय योजना तथा वीरांगना दुर्गावती अभ्यारण्य में जबेरा-तेन्दुखेड़ा समूह जल प्रदाय योजनाओं में भूमिगत पाइप लाइन डालने की अनुमति दी गई। विभिन्न क्षेत्रों में ऑप्टिकल फाइबर बिछाने की अनुमति भी दी गई।

बैठक में संजय टाइगर रिजर्व में कटनी-सिंगरौली रेल लाइन दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण कार्य को शर्तों के साथ अनुमति प्रदान की गई। इसे भारत सरकार को शर्तों के साथ भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगरौली दूरस्थ क्षेत्र है। यहां रेल लाइन का दोहरीकरण कार्य होना चाहिए।

घाटीगांव अभ्यारण्य का सर्वे करवाएं

मुख्यमंत्री ने कहा सोनचिरैया पक्षी के संबंध में घाटीगांव अभ्यारण्य का सर्वे करवाया जाए। करेरा अभ्यारण्य में वर्ष 1994 से सोनचिरैया नहीं दिखने पर भारत सरकार द्वारा इसे डीनोटिफाई कर दिया गया है। मध्यप्रदेश में सोनचिरैया (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड) पक्षी विलुप्ति की कगार पर है। श्री चौहान ने कहा कि बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व क्षेत्र में जंगली हाथियों द्वारा ग्रामीणों को नुकसान न हो, ऐसे प्रयास किए जाएं।

गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या नहीं हो - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान पेयजल की स्थिति पर आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, किसी भी नगरीय निकाय तथा पंचायत क्षेत्र में ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या नहीं आनी चाहिए। जिन स्थानों पर जल-स्तर नीचे जाने के कारण हैण्डपम्प नहीं चल रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर वहां तत्काल बोरिंग की जाये। जिन नगरीय निकायों में पेयजल की समस्या है वहां आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की स्थिति की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

जल जीवन मिशन की सभी परियोजनाएं शीघ्र हों पूर्ण

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जिन नगरीय निकायों में जल प्रदाय एक या एक से अधिक दिन के अंतराल से हो रहा है वहां जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्राथमिकता के आधार पर परियोजनाएं क्रियान्वित की जायें। मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन में बुरहानपुर और निवाड़ी में स्वीकृत परियोजनाओं की स्थिति की जानकारी ली और इन योजनाओं सहित मिशन में स्वीकृत सभी परियोजनाओं को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में स्थापित 5 लाख 54 हजार 25 हैण्डपम्पों में से 95 प्रतिशत से अधिक हैण्डपम्प चालू हैं। जल स्तर नीचे जाने के कारण 20 हजार 580 हैण्डपम्पों में समस्या है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित 16 हजार 561 नल-जल योजनाओं में से 15 हजार 630 योजनाएं संचालित हैं। अन्य स्थानों पर पेयजल के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

22 मई

सीबीएसई शुरू करने जा रहा है यंग वॉरियर अभियान

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) कोरोना महामारी के खिलाफ एक नया अभियान शुरू करने जा रहा है। इस अभियान का नाम यंग वॉरियर अभियान है। सीबीएसई ने सभी संबद्ध स्कूलों के शिक्षकों और विद्यार्थियों को इस अभियान से जुड़ने के लिए कहा है। सीबीएसई ने कहा कि इस अभियान के तहत 10 से 30 साल तक की आयु के विद्यार्थियों और शिक्षकों को शामिल किया जाएगा। इस अभियान में 50 लाख युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान से जुड़ने के लिए शिक्षकों और छात्रों को मोबाइल पर YWA टाइप कर 9650414141 पर भेजना होगा।

● नेपाल में जारी राजनीतिक संकट के बीच राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने नेपाल की संसद को भंग कर दिया है साथ ही मध्यावधि चुनाव की घोषणा भी कर दी है। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री पद के लिए शेर बहादुर देउबा और केपी शर्मा ओली दोनों के दावों को खारिज कर दिया है। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार नेपाल में 12 और 19 नवंबर को निचले सदन अर्थात् प्रतिनिधि सभा के लिए संसदीय चुनाव होंगे। उल्लेखनीय है कि प्रतिनिधि सभा में कुल 275 सीटों के लिए चुनाव होगा और सरकार बनाने के लिए 136 सीटों की जरूरत होगी।

● इटली के स्ट्रेसा शहर में एक केबल कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में नौ पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि दो बच्चे घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार केबल कार पर्यटकों को मोटारोन शिखर के पास ले गई थी, इस केबल कार में 11 लोग सवार थे। उल्लेखनीय है कि इटली में 23 साल के बाद यह सबसे बड़ा केबल कार हादसा है, इससे पहले वर्ष 1998 में डोल माइट्स में केबल कार हादसे में 20 लोग की मौत हो गई थी।

23 मई

अमेरिका की तरह ब्रिटेन में भी होगा डिजिटल वीजा सिस्टम

● ब्रिटेन में भी अमेरिका की तरह डिजिटल वीजा सिस्टम लागू करने की तैयारी की जा रही है। इस वीजा सिस्टम में देश में आने-जाने वालों की सटीक जानकारी उपलब्ध होगी। देश के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों के साथ ही सीमा के प्रवेश द्वारों पर इसी वीजा सिस्टम के तहत प्रवेश होगा। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि उम्मीद है कि वर्ष 2025 तक ब्रिटेन में प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी। गृह मंत्रालय ने कहा कि पूर्णतः डिजिटल वीजा सिस्टम में देश में आने-जाने वाले लोगों का तात्कालिक ब्यौरा मिल सकेगा।

● भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर) ने कोरोना संक्रमण की जांच की एक नई पद्धति को मंजूरी दी है। इस पद्धति के तहत अब कोरोना संक्रमण की जांच के लिए सैंपल देने में लोगों को तकलीफ नहीं होगी। इस पद्धति के तहत गरारा सैंपल से ही कोरोना संक्रमण का पता लगाया जा सकेगा। यह पद्धति आईसीएमआर की घटक प्रयोगशाला राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (नीरी) ने विकसित की है। नीरी ने ऐसा द्रव्य तैयार किया है, जिसे मुंह में लेकर 15-20 सेकेंड गरारा करके शीशी में रख लिया जाता है, इस द्रव्य की प्रयोगशाला में जांच कर पता लगाया जा सकता है कि व्यक्ति कोरोना संक्रमित है या नहीं। अभी तक कोरोना संक्रमण की जांच के लिए गला या नाक से स्वैब लिया जाता है।

● अफगानिस्तान में आतंकी संगठन तालिबान फिर पैर पसारने लगा है। तालिबान ने बर्दक प्रांत के अलरेज जिले पर कब्जा कर लिया है। जिले को तालिबान के कब्जे से मुक्त कराने के लिए अफगानिस्तान की सेना ने अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत अलग-अलग हवाई हमले में 40 तालिबानी आतंकवादी मारे गए हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार तालिबान ने कई दिनों के संघर्ष के बाद जलरेज जिले पर कब्जा जमाया था। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से ही हिंसा बढ़ गई है।

24 मई

सर्वोच्च न्यायालय ने जारी किया ई-कोर्ट मोबाइल मैनुअल

● भारत की सर्वोच्च न्यायालय की ई-कमेटी ने मुफ्त ई-कोर्ट सेवा मोबाइल एप के लिए एक मैनुअल जारी किया है। इस मैनुअल को 14 भाषाओं - अंग्रेजी, हिन्दी, असमिया, बांग्ला, गुजराती, कन्नड़, खासी, मलयालम, मराठी, नेपाली, ओड़िया, पंजाबी, तमिल और तेलुगु भाषा में जारी किया गया है। इस मैनुअल से तिथिवार केस डायरी सहित ई-फाइलिंग से लेकर निपटान तक मामले की पूरी केस हिस्ट्री प्राप्त की जा सकती है। ई-कोर्ट सेवा मोबाइल एप और मैनुअल को सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

● पूर्वी यरूशलम के पुराने हिस्से में स्थित टेंपल माउंट को यहूदी श्रद्धलुओं के लिए खोल दिया गया है। इजराइली पुलिस की सुरक्षा में पहले दिन 50 यहूदी श्रद्धालु टेंपल माउंट में तीर्थयात्रा के लिए पहुंचे। इजराहल और हमास के बीच संघर्ष विराम के बाद यह तीर्थयात्रा शुरू हुई है। इजराइल की पुलिस ने कहा कि टेंपल माउंट यहूदियों के लिए खुलने के बाद शांति कायम रही है। उल्लेखनीय है कि इसी क्षेत्र में अल-अक्सा मस्जिद भी स्थित है। रमजान के दौरान इसी मस्जिद से इजराइली पुलिस और फिलिस्तीनियों के बीच हिंसक झड़प शुरु हुई थी, जिसने बाद में युद्ध का रूप ले लिया था।

● म्यांमार के सैन्य प्रमुख जनरल मिन आंग हैंग ने कहा है कि वे देश में एक बार फिर नागरिक शासन लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर परिस्थितियों ने साथ दिया तो 12 या 18 महीने के अंदर देश में फिर नागरिक सरकार लाई जा सकती है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वे चुनाव कब कराएंगे। उल्लेखनीय है कि म्यांमार में एक फरवरी को सैन्य तख्तापलट के बाद सैन्य सरकार और नागरिकों के बीच संघर्ष चल रहा है।

25 मई

देश में अब युवाओं का बिना पूर्व पंजीयन होगा टीकाकरण

● केंद्र सरकार ने 18 से 44 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों के कोरोना टीकाकरण के लिए कोविन वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराने की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। सरकार ने टीकाकरण के लिए संशोधित दिशा निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा निर्देशों के अनुसार 18 से 44 वर्ष की आयु वर्ग के लोग सीधे टीकाकरण केंद्र जाकर वैक्सीन लगवा सकते हैं, केंद्र पर ही उनका रजिस्ट्रेशन हो जाएगा। हालांकि यह सुविधा सिर्फ सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर ही उपलब्ध होगी। निजी क्षेत्र के टीकाकरण केंद्रों पर पहले रजिस्ट्रेशन होगा, फिर वैक्सीन लगेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार टीकाकरण केंद्रों पर ही रजिस्ट्रेशन और वैक्सीन लगाने की सुविधा का उद्देश्य वैक्सीन की बर्बादी को रोकना है।

● सिंगापुर में कोरोना संक्रमण की पहचान के लिए अब ब्रीथ (सांसों का) टेस्ट किया जाएगा। सिंगापुर की सरकार ने कोरोना टेस्ट की इस नई पद्धति को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस पद्धति को सिंगापुर नेशनल यूनिवर्सिटी ने तैयार किया है। सिंगापुर ने कहा कि मलेशिया से जो यात्री सिंगापुर के पश्चिमी हिस्से में स्थित तुआस चेकपोस्ट से प्रवेश करेंगे उनका परीक्षण के तौर पर ब्रीथ टेस्ट किया जाएगा। ब्रीथ टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के बाद व्यक्ति का पीसीआर टेस्ट किया जाएगा विशेषज्ञों का मानना है कि टेस्टिंग की गति बढ़ाने से सिंगापुर में पर्यटन उद्योग को फायदा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि सिंगापुर में अभी सभी यात्रियों की एंटीजन रैपिड टेस्ट से कोरोना जांच की जाती है।

● केंद्र सरकार ने स्वर्ण आभूषणों पर अनिवार्य हॉलमार्किंग की समय सीमा बढ़ाकर 15 जून कर दी है। पहले यह अवधि एक जून थी। सरकार ने हॉलमार्किंग नियम लागू करने से संबंधित सभी मामले 15 जून से पहले सुलझाने के लिए एक समिति बनाई है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कहा कि हॉलमार्किंग नियम एक जून से लागू होने थे, लेकिन सरकार ने कोरोना महामारी की स्थिति को देखते हुए ज्वैलर्स को हॉलमार्किंग कार्यान्वयन के लिए अतिरिक्त समय दिया है।

26 मई

नासा और इसरो मिलकर डिजाइन करेंगे अर्थ सिस्टम ऑब्जर्वेटरी

● अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा जलवायु परिवर्तन और इसके प्रभावों का अध्ययन करने के लिये एक नया अर्थ सिस्टम ऑब्जर्वेटरी डिजाइन करेगा। नासा के इस मिशन में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) मुख्य भागीदार होगा। नासा ने एक विज्ञप्ति में कहा कि जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाओं, जंगलों की आग और कृषि संबंधी सुधार के लिये महत्वपूर्ण जानकारियों के लिये नया अर्थ सिस्टम ऑब्जर्वेटरी डिजाइन किया जायेगा। इस सिस्टम के साथ प्रत्येक उपग्रह को विशिष्ट रूप से डिजाइन किया जायेगा। ये उपग्रह एक-दुसरे के साथ समन्वित रूप से काम करेंगे। नासा ने कहा कि इस मिशन के लिये इसरो के साथ 'निसार' (नासा-इसरो सिंथेटिक अपार्चर रडार) विकसित करने का कार्य कर रहे हैं। निसार का उद्देश्य संयुक्त रूप से पृथ्वी की सतह पर होने वाले सूक्ष्म परिवर्तन की निगरानी करना है।

● भारत को जल्द ही अमेरिकी दवा कंपनी फाइजर की कोरोना वैक्सीन मिल सकती है। फाइजर ने भारत को इस साल वैक्सीन की पांच करोड़ डोज देने की पेशकश की है। कंपनी जुलाई तथा अगस्त माह में एक-एक करोड़, सितम्बर में दो करोड़ और अक्टूबर में एक करोड़ डोज उपलब्ध कराने की बात कही। फाइजर की भारत सरकार के साथ इस संबंध में बातचीत चल रही है। फाइजर ने कहा है कि वह भारत के टीकाकरण कार्यक्रम में मदद करना चाहती है। हालांकि फाइजर ने वैक्सीन के बदले क्षतिपूर्ति और नियामक व्यवस्था में छूट मांगी है। फाइजर चाहती है कि वैक्सीन के दुष्प्रभाव होने पर कंपनी पर कानूनी कार्यवाही ना हो। ब्रिटेन सहित विश्व के कई देश फाइजर को नियमों में छूट दे चुके हैं।

● भारत की दवा नियामक संस्था डीसीजीआई ने दवा कंपनी भारत पैरेंटेरल्स की कोरोना दवा फेविपिराविर ओरल सस्पेंशन को मंजूरी प्रदान की है। इस दवा का इस्तेमाल कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज के लिये किया जायेगा। भारत पैरेंटेरल्स कंपनी ने बताया कि उसे फेविपिराविर ओरल सस्पेंशन (100 एमजी) के उत्पादन और विपणन के लिये लाइसेंस मिल गया है। यह एक एंटीवायरल दवा है।

27 मई

आरोग्य सेतु एप अब वैक्सीनेशन स्टेटस भी बताएगा

● आरोग्य सेतु एप पर अब कोरोना वैक्सीनेशन स्टेटस की जानकारी भी मिलेगी

आरोग्य सेतु ने ट्वीट के जरिए इस जानकारी की पुष्टि की। इसके तहत अगर यूजर ने वैक्सीनेशन का पहला डोज लिया है, तो यह एप ब्लू टिक दिखाएगा वहीं यूजर जब वैक्सीन के दोनों डोज ले लेता है, तो दो ब्लू टिक दिखाई देंगे। कोविन पोर्टल के साथ इस एप का इस्तेमाल वैक्सीन रजिस्ट्रेशन और स्लॉट बुकिंग में भी हो रहा है। आरोग्य सेतु एप में रजिस्टर करने के लिए यूजर्स को पहले एप को ओपन करना होगा और फिर कोविन टैब पर क्लिक करना होगा। आरोग्य सेतु एप को भारत सरकार ने पिछले साल अप्रैल में लॉन्च किया था।

● भारतीय सेना को जल्द ही इजराइल से चार एडवांस हेरॉन ड्रोन मिलने वाले हैं। ये हेरॉन ड्रोन का उन्नत वर्जन है। इसकी एंटी जैमिंग क्षमता पहले से कहीं ज्यादा है। इन ड्रोन को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) वाले लद्दाख और अन्य क्षेत्रों में चीनी सेना की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए तैनात किया जाएगा। भारतीय सेना के पास पहले से ही हेरॉन ड्रोन उपलब्ध हैं। पूर्वी लद्दाख में चीन से तनाव के बीच भारत ने इजराइल से हेरॉन ड्रोन को अपग्रेड करने का कहा था।

● भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने बेसिक सेविंग बैंक अकाउंट से जुड़े नियमों में बदलाव किए हैं। ये बदलाव एक जुलाई 2021 से लागू होंगे। एसबीआई के अनुसार बेसिक सेविंग खाताधारक अब किसी ब्रांच या एटीएम से एक महीने में सिर्फ चार बार ही बिना शुल्क के नकद निकासी कर सकेंगे। इसके बाद हर निकासी पर खाताधारक को 15 रुपये (जीएसटी अतिरिक्त) चार्ज देना होगा। इसके अलावा खाताधारक को प्रत्येक साल सिर्फ 10 चेक वाली चेकबुक ही मुफ्त मिलेगी। इसके बाद उन्हें चेकबुक लेने पर 40 रुपये (जीएसटी अतिरिक्त) शुल्क देना होगा।

28 मई

सशस्त्र बलों के जवानों के लिये ओपीडी पोर्टल सेहत लॉन्च

● केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों के जवानों और पूर्व सैनिकों को चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराने के लिये सर्विसेज ई-हेल्थ असिस्टेंस एंड टेली कंसल्टेशन (सेहत) ओपीडी पोर्टल लॉन्च किया है। रक्षा मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा कहा कि ऑनलाइन ओपीडी अस्पतालों का बोझ कम करने के साथ ही दूरस्थ इलाकों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें सुनिश्चित करने में मददगार होगी। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में सैनिकों के स्वास्थ्य के लिये यह बेहद महत्वपूर्ण कदम है।

● भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देशभर के टोल नाकों पर वाहनों का वेटिंग टाइम कम करने के लिये नये दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। दिशा-निर्देशों के अनुसार अगर टोल नाकों पर वाहनों की कतार 100 मीटर से ज्यादा होगी, तो वाहनों से टोल नहीं वसूला जायेगा। एनएचएआई ने कहा कि फॉस्टैग की वजह से ज्यादातर टोल नाकों पर इंतजार नहीं करना पड़ता, लेकिन यदि किसी कारण से वाहनों की कतार 100 मीटर से अधिक होती है तो सभी वाहनों को बिना टोल दिये जाने की अनुमति होगी।

● दवा कंपनी जाइडस कैडिला ने मोनोक्लोनल एंटीबॉडी कॉकटेल (मिश्रण) के मानव क्लीनिकल ट्रायल के लिये केंद्र सरकार से मंजूरी मांगी है। कंपनी के प्रबंध निदेशक ने बताया कि हमने डीसीजीआई से ट्रायल की मंजूरी देने के लिये आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि जेडआरी-3308 कॉकटेल कोरोना संक्रमण के कम गंभीर मरीजों को ठीक करने में बेहतर साबित हो सकता है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)
ईमेल : eervskvv@gmail.com, फोन: 0751-2467680

No./IPRO/E.E./2021/Gwalior/201 Date: 19/05/2021

//प्रेस विज्ञप्ति//

निविदा सूचना क्रमांक/**197/19.05.2021** रा.वि.सि.कृ.वि.वि., ग्वालियर के अंतर्गत भवन निर्माण/अन्य कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा **2021_RVSKV_143348_1, 2021_RVSKV_143349_1** आमंत्रित की गई हैं। निविदा की ऑनलाइन क्रय की अंतिम तिथि **12.06.2021** तक है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण पोर्टल **https:www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन यंत्री
रा.वि.सि.कृ.वि.वि., ग्वालियर

R-45545/2021

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

वर्ष 38, अंक 22 31.05.2021 से 06.06.2021

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-

रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011

फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

प्रदेश को कोरोना से मुक्त रखना है - मुख्यमंत्री

आज 26 मई को बुद्ध पूर्णिमा है आज ही के दिन बोधि वृक्ष के नीचे भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त किया था। भगवान बुद्ध ने कहा था दुःख है, दुःख का कारण है और कारण का निवारण भी किया जा सकता है। इसके लिये गौतम बुद्ध ने अष्टांग मार्ग अपनाया। उन्होंने हमें मध्यम मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। गौतम बुद्ध ने हमें अनुशासित जीवन जीने का मार्ग बताया। आज कोरोना संकट में मानवता को एक बार फिर झकझोर कर रख दिया है। कोरोना वायरस का दुःख हमारे सामने है, वायरस फैलने का कारण भी है पर इस कारण का निवारण किया जा सकता है। इसके कुछ उपाय हमने किये हैं। आज मुझे यह बताते हुये संतोष है कि सबके प्रयासों से कोरोना संक्रमण अब प्रदेश में नियंत्रण की स्थिति में है। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों के नाम जारी संदेश में कहीं। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर घटकर 3.1 प्रतिशत रह गयी है। रिकरवी रेट बढ़कर 93.39 प्रतिशत है। यह प्रतिशत लगातार बढ़ता जा रहा है। लेकिन हमें निश्चिंत नहीं होना है। संकट अभी टला नहीं है। खतरा अभी बाकी है। वायरस हमारे बीच है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना कर्फ्यू लागू करने के परिणामस्वरूप संक्रमण की दर में कमी आयी है। संक्रमण को नियंत्रित करने में जनता का, जनता के लिये, जनता द्वारा मॉडल प्रदेश की अलग पहचान बना। संक्रमण नियंत्रण अकेले सरकार ने नहीं किया। हमने संकट से निपटने के लिये क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप बनाये, ग्राम/वार्ड/ब्लॉक/शहर और जिला स्तर पर क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप गठित किये गये। जिला स्तर पर प्रभारी मंत्रियों के साथ-साथ सांसद गण, विधायक गण, कलेक्टर्स और एसपी सहित सभी स्तर के जन-प्रतिनिधि, सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ताओं ने भी दायित्व संभाला। विकासखंड स्तर पर विधायक ने नेतृत्व प्रदान किया। यह हमारा अभिनव प्रयोग रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप में सरपंच/पंच/सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता/पंचायत सचिव/रोज़गार सहायक/आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं/पटेल/मुकदम/एएनएम और चौकीदार अर्थात ग्राम स्तर का अमला जुटा। जो भी निर्णय हमने लिये वे विकेंद्रित तरीके से लिये। ग्राम स्तर पर कोरोना कर्फ्यू कैसे लगेगा इसका निर्णय ग्राम स्तर पर लिया गया। गांव में आना-जाना ग्रामीणों ने बंद किया, गांव में कौन-सी गतिविधि चलेगी, काम कैसे चलेगा इसका तरीका गांव वालों ने तय किया। क्राइसिस मैनेजमेंट की टीम सर्वे दलों के साथ घर-घर पहुंची। ये टीमें अगर घर-घर नहीं जाती तो कई लोगों के सर्दी, खांसी, जुकाम का पता ही नहीं चलता। ग्राम स्तर पर यह योगदान अमूल्य है। इसी प्रकार शहरों में वार्ड के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप ने वार्ड स्तर की व्यवस्थाएं संभाली हैं। जनपद स्तर पर वहां के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप ने व्यवस्थाएं संभालीं। माइक्रो कंटेनमेंट एरिया बनाना हो या कोविड केयर सेंटर का संचालन सभी दायित्व क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप ने संभाला। संपूर्ण जिलों में कोरोना कर्फ्यू कैसे लागू होगा। जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पताल, इलाज की बाकी व्यवस्थाएं सभी का नियंत्रण और प्रबंधन जिले के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने तय किया है कि 1 जून से धीरे-धीरे आर्थिक गतिविधियां खोलेंगे। कोरोना का वायरस रहेगा अतः अभी पूरी सावधानी से गतिविधियों का संचालन अवश्य करें। कोरोना के संकटपूर्ण दौर में शासन ने सभी के सहयोग से इस पर प्रभावी नियंत्रण के उपाय किये हैं। इसके परिणाम भी हमें देखने को मिल रहे हैं।

वायु प्रदूषण बिगाड़ सकता है बच्चों की दिमागी तंदुरुस्ती

हम सब जानते हैं कि वायु प्रदूषण का असर मनुष्य के शरीर पर पड़ता है। लेकिन हाल ही में हुये एक अध्ययन में यह बात कही गई है कि वायु प्रदूषण बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। शहरों में वायु और वायु प्रदूषण के बीच पलने-बढ़ने वाले बच्चों में वयस्क अवस्था में मानसिक सेहत संबंधी विकार होने की संभावना सबसे ज्यादा होती है। शोधकर्ताओं के अनुसार विषाक्त वातावरण का हानिकारक प्रभाव विषाक्त पदार्थों के समान ही होता है। नाइट्रोजन ऑक्साइड और छोटे कार्बन कणों जैसे पीएम 2.5 कहे जाने वाले प्रदूषक इंजन, उद्योग, लकड़ी जलाने और खेती आदि से निकलते हैं। यह रसायन तेजी से प्रतिरक्षा प्रणाली और फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने जैसी स्वास्थ्य संबंधी चिन्ताओं से जुड़े हुये हैं। ब्रिटेन में होने वाली हर साल मृत्यु में करीब 36,000 मौतें वायु प्रदूषण से होती हैं। नॉर्थ केरोलिना के ड्यूक विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने 2000 से अधिक लोगों पर अध्ययन किया और कई दशकों के आंकड़ों का अध्ययन करके देखा कि प्रदूषण के स्तर ने मानसिक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित किया। उन्होंने बचपन में वायु प्रदूषण के जोखिम और 18 साल की उम्र में मानसिक बीमारियों के बीच संबंध पाया। क्लीनिकल साइकोलॉजी के स्नातक छात्र एवं अध्ययन से जुड़े एरोन रुबेन का कहना है कि डाटा वायु प्रदूषण और मानसिक विकारों के बीच एक मामूली अंतर को दर्शाता है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व जैव-विविधता दिवस 22 मई

जैव-विविधता का संरक्षण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है

हमारे जीवन में जैव-विविधता का काफी महत्व है। हमें विश्व में एक ऐसे पर्यावरण परिदृष्य का निर्माण करना है जो जैव-विविधता में समृद्ध, टिकाऊ और आर्थिक गतिविधियों के लिए हमें अवसर प्रदान कर सकें। जैव-विविधता के घटने से प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़, सुखा और तूफान आदि आने का खतरा और अधिक बढ़ जाता है अतः हमारे लिए जैव-विविधता का संरक्षण बहुत जरूरी है। इसी सन्दर्भ में समूचे विश्व के पर्यावरणविद् और निर्वाचित सरकारें यह स्वीकार करती हैं कि जैव-विविधता का संरक्षण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। लाखों विशिष्ट जैविक प्रजातियों के रूप में पृथ्वी पर जीवन उपस्थित है और हमारा जीवन प्रकृति का अनुपम उपहार है। अतः पेड़-पौधे, अनेक प्रकार के जीव-जंतु, मिट्टी, हवा, पानी, महासागर-पठार, समुद्र-नदियां आदि प्रकृति की इन सभी देन का हमें संरक्षण करना चाहिए, क्योंकि यही हमारे अस्तित्व एवं विकास का आधार है। प्राकृतिक एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में जैव-विविधता के महत्व को देखते हुए ही जैव-विविधता दिवस को अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। प्रतिवर्ष 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस मनाया जाता है। इसे 'विश्व जैव-विविधता संरक्षण दिवस' भी कहते हैं। इसका प्रारंभ संयुक्त राष्ट्र ने किया था। नैरोबी में 29 दिसंवर 1992 को हुए जैव-विविधता सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया था, किंतु कई देशों द्वारा व्यवहारिक कठिनाइयां जाहिर करने के कारण वर्ष 2001 में इस दिन को 29 दिसम्वर के स्थान पर 22 मई को मनाने का निर्णय लिया गया। इस आयोजन का लक्ष्य विशेष तौर पर वनों की सुरक्षा, संस्कृति, जीवन के कला, शिल्प, संगीत, वस्त्र-भोजन, औषधीय पौधों का महत्व आदि को प्रदर्शित करना और जैव-विविधता के महत्व एवं उसके नष्ट अथवा कम होने से आसन्न खतरों के बारे में जागरूक करना था।

जैव-विविधता संसाधन वो स्तम्भ हैं जिन पर सभ्यता का निर्माण होता है

जैविक विविधता (जिसे जैव-विविधता के नाम से भी जानते हैं) को अक्सर पौधों, जानवरों और सूक्ष्म जीवों की विस्तृत विविधता के संदर्भ में समझा जाता है, लेकिन इसमें प्रत्येक प्रजाति के भीतर आनुवंशिक अंतर भी शामिल हैं। जैविक विविधता संसाधन वो स्तम्भ हैं, जिन पर हम सभ्यताओं का निर्माण करते हैं। अस्सी प्रतिशत से अधिक मानव आहार पौधों द्वारा प्रदान किया जाता है। हम अपने भोजन और स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ, विविध प्राकृतिक प्रणालियों पर निर्भर हैं। इसलिए कई जैव-विविधता मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। सच तो यह है कि प्रकृति ने हमें सब कुछ दिया है, प्रकृति से लाभ तो लेते हैं, लेकिन ज्यादातर हम इसे ग्राण्टेड यानी यह तो प्रकृति को हमें देना ही था वाले भाव से लेते हैं। यदि हम मानव जीवन को बचाना चाहते हैं तो उसके लिए हमें प्रकृति को बचाना होगा। यह एक तात्कालिक आवश्यकता है। इसी से जैव-विविधता दिवस का यह दिन प्रकृति को धन्यवाद देने के लिए भी मनाया जाता है।

विविध आयोजन के माध्यम से इस दिन का महत्व रेखांकित होता है

इस दिन, पूरी दुनिया में, लोगों को जैव-विविधता के महत्व को और हमारे भविष्य के लिए यह क्या भूमिका निभाता है, को समझाने के लिए विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। वस्तुत इस दिन विभिन्न

आयोजन के माध्यम से इस दिन के महत्व को रेखांकित किया जाता है। जैविक विविधता पर कन्वेंशन का सचिवालय हर साल उन समारोहों का आयोजन करता है जो संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का हिस्सा बनते हैं। कई राष्ट्रीय सरकारें और गैर-सरकारी संगठन भी समारोहों में भाग लेते हैं। इस दिन कई प्रकार की गतिविधियां होती हैं। जैसे इस दिन जैव-विविधता और पर्यावरण पर विभिन्न पुस्तिकाओं और अन्य शैक्षिक संसाधनों का स्थानीय भाषाओं में अनुवाद किया जाता है। स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, समाचार पत्रों, रेडियो और टेलीविजन के माध्यम से जैव-विविधता पर बहुत सारी जानकारी प्रसारित और प्रचारित की जाती है। पर्यावरण के मुद्दों पर भी फिल्में दिखाई जाती हैं और छात्रों, पेशेवरों और आम जनता के लिए भी प्रदर्शनियों और सेमीनारों का आयोजन किया जाता है। कई ऐसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं, जो लुप्तप्राय प्रजातियों या आवासों को संरक्षित करने के तरीके पर ध्यान केंद्रित करते हैं। कई स्थानों पर पेड़ और अन्य पौधे लगाना जो भूमि कटाव को रोकने में मदद करते हैं। स्थानीय पर्यावरण के मुद्दों पर भाषण होते हैं, बच्चों और युवाओं के लिए तस्वीरें लेने या वार्षिक थीम पर केंद्रित कलाकृति बनाने की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं। कोरोना संक्रमण के कारण यह सभी आयोजन ऑनलाइन हो रहे हैं और इस वर्ष भी यह सभी आयोजन ऑनलाइन ही होंगे।

जैव-विविधता से इंसानी रिश्ता अटूट भी है, अभेद्य भी

पर्यावरण से जुड़े विषयों पर लिखने वाले विषयों के लब्धप्रतिष्ठित लेखक पंकज रामेन्दु ने जैव-विविधता और इंसानी रिश्ते को लेकर बड़ी प्रभावी टिप्पणी की है। वे कहते हैं जैव-विविधता को हम एक बिल्डिंग ब्लॉक की तरह समझ सकते हैं, जिसमें हर एक ब्लॉक दूसरे को संभाले हुए रहता है। अगर किसी भी एक ब्लॉक को हटाया जाए, तो पूरी इमारत धराशायी हो जाती है। जैव-विविधता भी ठीक इसी तरह धरती और पानी के जीवन का आधार होती है। यह धरती के हर प्राणी, हवा, पानी, भोजन सब पर असर डालती है। इसी की बदौलत दवा से लेकर प्राकृतिक तौर पर रोगों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता, मौसम बदलाव पर नियंत्रण, सब कुछ होता है। जैव-विविधता धरती पर पूरे जीवन तंत्र को रचने वाले एक जाल की तरह है, जिससे एक तत्व भी निकाला गया, तो पूरे तंत्र पर इसका बुरा असर पड़ता है। जैव-विविधता का इंसानी रिश्ता अटूट भी है अभेद्य भी। जब हमने जैव-विविधता को नष्ट करना शुरू किया तभी से हमने उस तंत्र को समाप्त करना शुरू कर दिया, जो स्वास्थ्य तंत्र के लिए मददगार होता है। अब भी समय है कि हम जैव-विविधता से इंसानी रिश्ते के भाष्य को समझें। पंकज बताते हैं कि वरिष्ठ लेखक अभय मिश्र के साथ जब उन्होंने 'दर दर गंगे' किताब के लिए गंगा नदी की यात्रा की तब उन्हें पता चला कि जैव-विविधता का संरक्षण किसी भी नदी के जीवन को बचाने के लिये कितना जरूरी होता है?

कोरोना महामारी के समय जैव-विविधता की जरूरत प्रतिपादित हुई

महात्मा गांधी ने कहा था कि पृथ्वी हर मनुष्य की जरूरत को पूरा कर सकती है परंतु पृथ्वी मनुष्य के लालच को पूरा नहीं कर सकती है। आज हमें इस सीख को अपनाने का संदेश दे रहा है। कोरोना वायरस के संकट ने मनुष्य को उसके विकास के पुनर्मूल्यांकन के दोराहे पर खड़ा कर दिया है। आज हमें विकास के नए मापदंड अपनाने होंगे। कोरोना के बाद नई दुनिया का विकास पर्यावरण संरक्षण के साथ हो, जिससे वन्य प्राणियों के पर्यावास पर विशेष ध्यान दिया जा सके। खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत आने वाले पशु-पक्षियों में संक्रमण न फैले, इसके लिए उनके रखरखाव संबंधी नए कानून बनें एवं जो कानून मौजूद हैं उनका कड़ाई से पालन हो जिससे फ्लू और वायरसजन्य अन्य वीमारियों को रोका जा सके। हमें अपनी आहार शैली बदलने की सख्त जरूरत है। हमें यह तय करना होगा कि हम क्या खा सकते हैं और क्या नहीं? सच तो यह है कि कोरोना महामारी के दुष्काल में जैव विविधता की न सिर्फ जरूरत प्रतिपादित हुई अपितु इसकी अपरिहार्यता भी सामने आई। नदी एवं पर्यावरण विषयों पर साधिकार लिखने वाले डॉ. वेंकटेश दत्ता मानते हैं कि कोरोना संक्रमण काल प्रकृति को फिर से खुशहाल और समृद्ध करने का समय है। इस महामारी ने वैश्विक अर्थव्यवस्था और समाज को हिला दिया है। प्रकृति रीसेट बटन दबा रही है। वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं भारी गिरावट की स्थिति में हैं। सामूहिक विकास और समृद्धि को परिभाषित करने का यह सही समय है, जो पारिस्थितिक सम्पन्नता के संदर्भ में मापी जा सके न कि बढ़ती आय के स्तर के रूप में। इस समय हमें जैव-विविधता के महत्व और किसी भी बड़े संकट के समय इसकी उपस्थिति के मायने की जरूरत को समझना होगा तभी हम प्रकृति और जीवन को बचा सकेंगे।

जैव-विविधता और उससे जुड़े विषयों पर इस दिन होती है चर्चा

जैव-विविधता 'जैविक' और 'विविधता' दो शब्दों से उत्पन्न हुआ है। यह सभी प्रकार के जीवन को संदर्भित करता है जो पृथ्वी पर पाए जाते हैं जैसे पौधों, जानवरों, कवक और सूक्ष्म जीवों और इसके अलावा, यह उन समुदायों को भी संदर्भित करता है जो वे बनाते हैं और जिन आवासों में वे रहते हैं। हम कह सकते हैं कि जैव-विविधता एक दूसरे के साथ और बाकी पर्यावरणों के साथ जीवन रूपों और उनके परस्पर संबंधों का संयोजन है जिसने पृथ्वी को मनुष्यों के लिए एक अद्वितीय निवास स्थान बना दिया है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि जैव-विविधता हमारे जीवन को बनाए रखने वाली बड़ी संख्या में सामान और सेवाएं प्रदान करती है। विश्व जैव-विविधता दिवस पर हम जैव-विविधता से जुड़े इन्हीं विषयों पर चर्चा करते हैं। तकनीकी प्रगति के बावजूद दुनिया में पूरा समुदाय हमारे स्वास्थ्य, पानी, भोजन, दवा, कपड़े, ईंधन इत्यादि के लिए पूरी तरह से स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र पर निर्भर है और इसी संदर्भ में वर्ष 2020 में जैव-विविधता दिवस पर 'प्रकृति ही हमारी समस्याओं का समाधान है' विषय पर चर्चा की गई थी। इस साल की थीम भी Our Solutions are in nature निर्धारित की गई है।

राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व, सीधी

शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला-सीधी, 486661, मध्यप्रदेश, दूरभाष नं. : 9425768669
E-mail : fdsajnp.sdh@mp.gov.in, Website : www.sanjaytigerreserve.in

विज्ञप्ति

संजय टाईगर रिजर्व सीधी के अंतर्गत सहायक महावत के चतुर्थ श्रेणी के 03 रिक्त पदों की भर्ती वेतनमान 4440-4770+1300 ग्रेड पे में किये जाने हेतु निम्नलिखित अर्हता रखने वाले उम्मीदवार अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निर्धारित आवेदन पत्र **दिनांक 20.06.2021 तक** रजिस्टर्ड ए.डी. के माध्यम से प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक को सायं 05:00 बजे तक प्राप्त आवेदनों को कार्यवाही में सम्मिलित किया जावेगा तथा निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। पात्र आवेदकों को साक्षात्कार के दिनांक की सूचना पृथक से दी जावेगी।

प्रवर्गवार रिक्त पद का विवरण

अनारक्षित	अ.ज.जा.	अ.जा.	योग
2	1	-	3

अर्हता :-
1. आयु : दिनांक 01.01.2021 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष
2. अनुभव : मध्यप्रदेश में विभागीय हाथियों के साथ 05 वर्ष का कार्य करने का अनुभव

आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदक का नाम :- .....
2. पिता का नाम :- .....
3. निवास का पता स्थाई पता :- .....
बर्तमान पता :- .....
4. जन्मतिथि :- .....
5. शैक्षणिक योग्यता :- .....
6. जाति :- .....
(अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. के उम्मीदवार प्रमाण-पत्र संलग्न करें)
7. अनुभव (प्रमाण-पत्र संलग्न करें) :- .....
8. मोबाइल नम्बर :- .....
9. आधार कार्ड नम्बर (छायाप्रति संलग्न करें) :- .....
10. मूल निवास प्रमाण-पत्र संलग्न करें। :- .....

प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है, कि मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य है। यदि दी गई उपरोक्त जानकारी असत्य पाई जाती है, तो मेरी पात्रता रद्द कर दी जावे।

जी-12669/45538/2021 **आवेदक के हस्ताक्षर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खरगोन

फोन नं. : 07282-231402, Email : eephedkhr@nic.in

क्रमांक/2104/निविदा/का.य./लो.स्वा.यां./2021 **खरगोन, दिनांक : 21.05.2021**

निविदा सूचना क्रमांक 07/2021-22 (द्वितीय आमंत्रण)

कार्य का विवरण :- खरगोन जिले के अंतर्गत निम्न कार्यों हेतु निविदाएं एपेंडिक्स "2.10" पर ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर निम्नानुसार की जाती हैं।

सिस्टम टेंडर नं. (2021_PHED)	विकासखण्ड	ग्रामों की संख्या	कार्य की अनु. लागत रु. लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित)
खरगोन जिले के विभिन्न विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन, आर.सी.सी. टंकी एवं संपवेल, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य।						
143440	सेगांव	02	223.11	2,23,115/-	15,000	04 माह
143441	भीकनगांव	02	270.82	2,70,820/-	15,000	04 माह

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की एवं निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि 31.05.2021, समय 17:30 बजे** एवं निविदा दर खोलने की **तिथि 02.06.2021**
निविदा एवं उससे संबंधित विस्तृत जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
जी-12674/45539/2021 **लोक स्वा. यांत्रिकी खण्ड खरगोन**

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र, उज्जैन

दूरभाष नं. : 0734-2524462, ई-मेल : cepwdujjain@ mp.nic.in

निविदा सूचना क्र. 01/सामान्य/मु.अ./2021-22/मंदसौर/देवास/सी.आर.एफ. **उज्जैन, दिनांक 24.05.2021**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क.	जिला	टेंडर आई.डी. क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	कार्य की समयावधि
1.	देवास	2021_PWDRB_143764	सी.आर.एफ. योजनांतर्गत मक्सी बायपास चौराहे से भोपाल चौराहा तक 06 लेन कांक्रीट मार्ग का निर्माण कार्य (चैनेज 0 से 2020 मी., 2520 से 3400 मी.) ओल्ड एन.एच. 06 चैनेज 3400 से 6000 मी. तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य (कुल लंबाई 5500 मी.) तथा 06 लेन मार्ग पर सेंटर लाइटिंग लगाने का कार्य।	6196.63	24 माह वर्षाकाल सहित
2.	मंदसौर	2021_PWDRB_143765	सी.आर.एफ. योजना के अंतर्गत मंदसौर जिले के भागवड़ दलोदा सीतामउ मार्ग (शेष रहा कार्य) चैनेज 12.100 से 42.650 कुल लंबाई 30.55 कि.मी. का निर्माण कार्य।	4238.28	24 माह वर्षाकाल सहित

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं ऑनलाइन बिड सबमिशन की **अंतिम दिनांक 18.06.2021 सायं 5.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता
जी-12811/45542/2021 **लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र, उज्जैन**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

शुद्धिपत्र क्रमांक 02/01/2021, दिनांक : 20.05.2021

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग - मध्यप्रदेश शासन हेतु चिकित्सा अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति विज्ञापित पदों की संख्या में संशोधन के संबंध में

01. आयोग द्वारा **लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग - मध्यप्रदेश शासन हेतु चिकित्सा अधिकारी** के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 01/2021, दिनांक 08.02.2021 आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है तथा '**रोज़गार और निर्माण**' समाचार पत्र के दिनांक 15.02.2021 के अंक में प्रकाशित किया गया है।
02. उक्त विज्ञापन में **विज्ञापित पदों की संख्या** निम्नानुसार संशोधित की जाती है।

क्र.	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या						रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी दिव्यांगजन अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या
		UR	SC	ST	OBC	EWS	कुल	UR	SC	ST	OBC	EWS	
1.	चिकित्सा अधिकारी	0	0	295	485	86	866	0	0	97	160	28	52 लोकोमोटर डिसेबिलिटी

टीप :- लोकोमोटर डिसेबिलिटी में अस्थिबाधित अभ्यर्थियों के साथ सम्मिलित है सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी।

03. विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

जी-12646/45541/2021 **सचिव**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेन्सी एरिया, इन्दौर

विज्ञप्ति

क्रमांक 73149 **इन्दौर, दिनांक : 22.05.2021**

आयोग के संज्ञान में आया है कि कतिपय व्हाट्सअप ग्रुप एवं सोशल मीडिया पर एक भ्रामक एवं मिथ्यापूर्ण विज्ञप्ति प्रचारित की जा रही है। जिसमें राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2020 की तिथि को लेकर गलत व भ्रामक बातें लिखी गई हैं।
आयोग द्वारा दिनांक 20.06.2021 को प्रस्तावित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तिथि बदलने के बारे में कोई निर्णय आज दिनांक तक नहीं लिया गया है। भ्रामक एवं मिथ्यापूर्ण विज्ञप्ति को जारी करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। यदि आयोग के संज्ञान में यह पाया जाता है कि कृत्य आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले आवेदक या आवेदकों द्वारा किया जा रहा है तो संबंधित आवेदक/आवेदकों को आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में भाग लेने से विवर्जित किया जाएगा।
अभ्यर्थियों को यह स्पष्ट किया जाता है कि आयोग की वेबसाइट पर अधिकृत सूचनाओं को समय-समय पर देखते रहें। सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से जारी होने वाले भ्रामक एवं मिथ्या तथ्यों पर ध्यान न दें।
अभ्यर्थियों के संज्ञान में भ्रामक सूचना/तथ्य यदि आते हैं तो तत्काल आयोग की मेल आई.डी. पर सूचित करने का कष्ट करें।

जी-12715/45540/2021 **परीक्षा नियंत्रक**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश

एन.एच.एम. भवन लिंग रोड नं. 3, पत्रकार कॉलोनी, भोपाल-462003

क्र./एन.एच.एम./एच.आर./सेल-1/2021/8749 **भोपाल, दिनांक 25.05.2021**

शुद्धि पत्र (Corrigendum)

समाचार-पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति क्र.-जी-16760/20 के तहत मध्यप्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संविदा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ए.एन.एम.) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु सेम्स लिमिटेड के माध्यम से आवेदन आमंत्रित कर नियम पुस्तिका (2020-2021) का प्रकाशन किया गया था, जिसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि को विज्ञप्ति क्र. जी-20660/20 के द्वारा दिनांक 20.03.2021 निर्धारित की गई थी।
उपरोक्त प्रकाशित संविदा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ए.एन.एम.) के विज्ञापन में निम्न संशोधन किया जाता है -
1. जिलों की स्वास्थ्य संस्थाओं में कोविड-19 अंतर्गत लगातार न्यूनतम 89 दिवस कार्य करने वाली महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता को उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया में 10 प्रतिशत अधिभार अंक (Weightage) दिया जायेगा।
2. इस हेतु आवेदक को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण-पत्र की प्रति सेम्स लिमिटेड की वेबसाइट (**www.sams.co.in**) पर अपलोड करनी होगी, जिसके लिये आवेदक को इस शुद्धि पत्र के उपरान्त प्रकाशन दिनांक **01.06.2021 से 22.06.2021** तक का समय दिया जायेगा।
3. उपरोक्त संविदा सेवा 31 मार्च, 2022 तक के लिये होगी, जिसे आगामी वर्षों की वार्षिक कार्ययोजना में स्वीकृति अनुसार बढ़ाया जा सकेगा।
4. नियम-पुस्तिका (2020-2021) की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

(अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य द्वारा अनुमोदित)

संचालक
जी-12841/45543/2021 **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश

एन.एच.एम. भवन लिंग रोड नं. 3, पत्रकार कॉलोनी, भोपाल-462003

क्र./एन.एच.एम./एच.आर./सेल-1/2021/8751 **भोपाल, दिनांक 25.05.2021**

शुद्धि पत्र (Corrigendum)

समाचार-पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति क्र.-जी-16758/20 के तहत मध्यप्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संविदा स्टॉप नर्स के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु सेम्स लिमिटेड के माध्यम से आवेदन आमंत्रित कर नियम पुस्तिका (2020-2021) का प्रकाशन किया गया था, जिसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि को विज्ञप्ति क्र. जी-20629/20 के द्वारा दिनांक 20.03.2021 निर्धारित की गई थी।
उपरोक्त प्रकाशित संविदा स्टॉफ नर्स के विज्ञापन में निम्न संशोधन किया जाता है -
1. जिलों की स्वास्थ्य संस्थाओं में कोविड-19 अंतर्गत लगातार न्यूनतम 89 दिवस कार्य करने वाले स्टॉफ नर्स को उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया में 10 प्रतिशत अधिभार अंक (Weightage) दिया जायेगा।
2. इस हेतु आवेदक को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण-पत्र की प्रति सेम्स लिमिटेड की वेबसाइट (**www.sams.co.in**) पर अपलोड करनी होगी, जिसके लिये आवेदक को इस शुद्धि पत्र के प्रकाशन उपरान्त दिनांक **01.06.2021 से 22.06.2021** तक का समय दिया जायेगा।
3. उपरोक्त संविदा सेवा 31 मार्च, 2022 तक के लिये होगी, जिसे आगामी वर्षों की वार्षिक कार्ययोजना में स्वीकृति अनुसार बढ़ाया जा सकेगा।
4. नियम-पुस्तिका (2020-2021) की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

(अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य द्वारा अनुमोदित)

संचालक
जी-12844/45544/2021 **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश**

कोरोना नियंत्रण में फ्रेंड्स ऑफ एमपी का सहयोग सराहनीय

भोपाल, विदेशों में बसे मध्यप्रदेश के निवासियों के समूह 'फ्रेंड्स ऑफ एमपी,' द्वारा कोविड नियंत्रण में मध्यप्रदेश को सराहनीय योगदान दिया गया है। यह गर्व की बात है कि संकट की इस घड़ी में वे अपने देश अपनी माटी को नहीं भूले तथा देश के लोगों की यथा संभव मदद की। मध्यप्रदेश में एन.आर.आई. की सहायता के लिए हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फ्रेंड्स ऑफ एम.पी. के साथ 'वर्चुअल मीट' में कहीं।

वर्चुअल मीट में फ्रेंड्स ऑफ एमपी के सदस्य लंदन से श्री राजेश अग्रवाल एवं श्री रोहित दीक्षित, न्यूयॉर्क से श्री जितेंद्र मुछाल, बोस्टन से श्री प्रमित माकोड़े एवं श्री संजीव त्रिपाठी, लॉस एंजिल्स से सुनील अग्रवाल, सिंगापुर से डॉ. शिरीष जौहरी, टोरंटो से श्री रविकांत तिवारी तथा जोहांसबर्ग से श्री अलंकार मालवीय शामिल हुए। मीट के दौरान फ्रेंड्स ऑफ एमपी के सदस्यों ने मध्यप्रदेश में कोरोना नियंत्रण के लिये राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की।

पांच प्रतिशत से कम है प्रदेश की पॉजिटिविटी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर बहुत तेजी से आई। प्रारंभ में व्यवस्थाओं को लेकर कुछ परेशानियां जरूर सामने आईं, परंतु शीघ्र ही कोरोना को मध्यप्रदेश में नियंत्रित कर लिया गया। मध्यप्रदेश की पॉजिटिविटी दर 4.82 प्रतिशत है। अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के हिसाब से यह किसी भी महामारी के नियंत्रण की स्थिति को दर्शाता है। हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में शीघ्र ही इस संकट से पूरी तरह बाहर निकलेंगे।

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में जन-सहयोग से कोरोना नियंत्रित किया गया है। प्रदेश के हर गांव, वार्ड, ब्लॉक, जिले में क्राइसिस मैनेजमेंट समूह बनाए गए, जिन्होंने कोरोना नियंत्रण के लिए रणनीति तैयार कर उस पर अमल किया। जनता द्वारा स्व-प्रेरणा से कोरोना कर्फ्यू लगाया गया।

मध्यप्रदेश में तीन लाख पांच हजार 473 कोरोना मरीजों तक पहुंची मेडिकल किट

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार होम आइसोलेट कोरोना मरीजों को मेडिकल किटों का वितरण लगातार जारी है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि अभी तक 52 जिलों में 3 लाख 5 हजार 473 मेडिकल किट वितरित की जा चुकी हैं।

श्री सिंह ने बताया है कि 18 अप्रैल से 25 मई के मध्य नगरीय क्षेत्रों में फीवर क्लीनिक एवं होम डिलीवरी के माध्यम से 3 लाख 5 हजार 473 मेडिकल किट कोविड मरीजों को उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि 18 अप्रैल को 12 हजार 583, 19 अप्रैल को 16 हजार 914, 20 अप्रैल को 11 हजार 465, 21 अप्रैल को 10 हजार 327, 22 अप्रैल को 11 हजार 76, 23 अप्रैल को 11 हजार 17, 24 अप्रैल को 10 हजार 658, 25 अप्रैल को 9 हजार 497, 26 अप्रैल को 9 हजार 360, 27 अप्रैल को 9 हजार 705, 28 अप्रैल को 11 हजार 141, 29 अप्रैल को 9 हजार 347, 30 अप्रैल को 8 हजार 958, एक मई को 10 हजार 253, 2 मई को 9 हजार 112, 3 मई को 8 हजार 439, 4 मई को 9 हजार 301, 5 मई को 8 हजार 455, 6 मई को 8 हजार 866, 7 मई को 7 हजार 983, 8 मई को 7 हजार 746, 9 मई को 7 हजार 450, 10 मई को 7 हजार 248, 11 मई को 7 हजार 387, 12 मई को 7 हजार 931 ,13 मई को 7 हजार 388 ,14 मई को 6 हजार 618, 15 मई को 6 हजार 687, 16 मई को 5 हजार 814, 17 मई को 5 हजार 401, 18 मई को 4 हजार 822,19 मई को 4 हजार 830 ,20 मई को 5 हजार 28, 21 मई को 3 हजार 944, 22 मई को 3 हजार 640, 23 मई को 3 हजार 361 , 24 मई को 2 हजार 889 और 25 मई को 2 हजार 832 मरीजों को मेडिकल किट वितरित की गई हैं।

मुख्यमंत्री कोविड उपचार योजना

मध्यप्रदेश में दस हजार से अधिक मरीजों का निःशुल्क इलाज

किल-कोरोना अभियान में ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत सर्वेक्षण पूर्ण

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मध्यप्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना के प्रकरणों में तेजी से गिरावट आ रही है। अब प्रदेश के 45 जिलों में कोरोना संक्रमण 5 प्रतिशत से कम है। संक्रमण की दृष्टि से प्रदेश का देश में 19वां स्थान है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण शून्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री कोविड उपचार योजना में प्रदेश में अभी तक 10 हजार 33 कोविड मरीजों का संबंद्ध निजी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज किया गया है। योजना में वर्तमान में कोरोना के 5810 मरीज उपचार प्राप्त कर रहे हैं और 4223 मरीज स्वस्थ्य हो गए हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में किल-कोरोना अभियान के अंतर्गत शत-प्रतिशत (6 करोड़ 7 लाख 73 हजार 15) ग्रामीण जनता का सर्वेक्षण पूर्ण किया गया है। घर-घर जाकर सर्दी, बुखार, खांसी के मरीजों की पहचान की गई तथा उन्हें निःशुल्क मेडिकल किट वितरित की गईं। शहरी क्षेत्रों में कोविड सहायता केंद्र के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण एवं निःशुल्क मेडिकल किट वितरित की गईं।

सात जिलों में ही 5 प्रतिशत से अधिक पॉजिटिविटी दर

प्रदेश के सात जिलों इंदौर (8.6 प्रतिशत), भोपाल (8.4 प्रतिशत), सागर (7.3 प्रतिशत), रतलाम (7 प्रतिशत), रीवा (6.5 प्रतिशत), सीधी (5.2 प्रतिशत) तथा अनूपपुर (7.3 प्रतिशत) में ही 5 प्रतिशत से अधिक साप्ताहिक औसत पॉजिटिविटी दर है। तीन जिलों इंदौर (623), भोपाल (433) तथा सागर (108) में 100 से अधिक नए प्रकरण आए हैं।

इंदौर में अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता

मुख्यमंत्री ने इंदौर जिले की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि वहां कोरोना संक्रमण तेजी से कम करने के लिए अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है। अभी प्रकरणों में गिरावट धीमी है। यदि ऐसा ही रहता है तो 'अनलॉक' करने पर संक्रमण बढ़ सकता है। वार्ड समितियों को सक्रिय किया जाए और संक्रमण रोकने के हर संभव प्रयास किए जाएं। इंदौर की साप्ताहिक पॉजिटिविटी दर 8.6 प्रतिशत तथा 26 मई की पॉजिटिविटी दर 7.2 प्रतिशत है। किल-कोरोना अभियान सर्वे के अंतर्गत शहरी क्षेत्र की पॉजिटिविटी दर 8.2 प्रतिशत तथा ग्रामीण क्षेत्र की 3.4 प्रतिशत है।

सागर की पॉजिटिविटी क्यों बढ़ रही है?

श्री चौहान ने सागर जिले की समीक्षा के दौरान कलेक्टर से पूछा कि जब पूरे प्रदेश में कोरोना पॉजिटिविटी दर कम हो रही है, तो सागर की पॉजिटिविटी दर क्यों बढ़ रही है? कहां ढिलाई है? 26 मई को सागर की पॉजिटिविटी दर 9.9 प्रतिशत आई है तथा यहां नए 108 प्रकरण आए हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिले में कोरोना संक्रमण रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने वीना रिफायनरी क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

सख्ती करें पर जनता से अभद्र व्यवहार न हो

मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि कोरोना संक्रमण रोकने के लिए सख्ती करें, परंतु जनता के साथ अभद्र व्यवहार नहीं होना चाहिए। कुछ प्रकरण आए हैं, जो शर्मनाक हैं। जनता के साथ शालीन व्यवहार होना चाहिए।

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि अब प्रदेश में ऑक्सीजन की अतिरिक्त उपलब्धता है, अतः उद्योगों को उनके उपयोग के लिए ऑक्सीजन उपलब्ध कराएं।

कोरोना नियंत्रण के बाद आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए जुटना होगा - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप के संबंध में अधिकारियों को संबोधित करते हुये।

भोपाल, कोविड के विरुद्ध युद्ध के साथ-साथ आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तेजी से काम करना होगा। कोविड के विरुद्ध लड़ाई जारी रहेगी पर दूसरी गतिविधियों पर भी ध्यान केंद्रित करना है। कोरोना संक्रमण के कारण राजस्व और विकास के कार्य प्रभावित हुए हैं, परंतु उपार्जन, मनरेगा और तेंदूपत्ता तुड़ाई का काम निर्बाध रूप से जारी रहा। अगस्त 2020 में हमने व्यापक विचार-विमर्श कर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप बनाकर सभी क्षेत्रों में लक्ष्य निर्धारित किये थे। इस दिशा में हम तेजी से कार्य कर रहे थे, परंतु कोरोना की आपदा के कारण इनमें से कई कार्य धीमे पड़े या रुक गये। प्रदेश में अब कोरोना नियंत्रण में है, अतः हमें एक बार फिर तेजी से इस दिशा में कार्य आरंभ करना है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप के मुख्य बिन्दुओं पर संबंधित अधिकारियों को मंत्रालय से वर्चुअली संबोधित करते हुये कहीं।

रोज़गार के अवसर सृजित करने के लिए इस प्रकार की गतिविधियां जारी रहेंगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप के चार मुख्य आधार स्तम्भ क्रमशः भौतिक अधोसंरचना, सुशासन, शिक्षा और स्वास्थ्य तथा अर्थव्यवस्था एवं रोज़गार हैं। स्वास्थ्य के अंतर्गत कोरोना की तीसरी संभावित लहर का सामना करने के उद्देश्य से डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती, ऑक्सीजन में आत्म-निर्भरता, आवश्यक अधोसंरचना विकास और उपकरणों की आपूर्ति जैसे कार्य करना है। इसके साथ ही अर्थव्यवस्था और रोज़गार के क्षेत्र में भी तेजी से गतिविधियां बढ़ानी हैं। जब कोरोना का प्रकोप अधिक नहीं था उन दिनों लगभग 1900 एमएसएमई इकाइयों का लोकार्पण किया गया था। रोज़गार के अवसर सृजित करने के लिए ऐसी गतिविधियां जारी रहेंगी।

आठ मिशनों में संचालित हों गतिविधियां

श्री चौहान ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप के अंतर्गत निर्धारित अधिकांश गतिविधियों की समय सीमा वर्ष 2023 है। कोरोना के कारण गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत आठ मिशन क्रमशः मिशन अर्थ, मिशन दक्ष, मिशन जनगण, मिशन निरामय, मिशन बोधि, मिशन निर्माण, मिशन ग्रामोदय और मिशन नगरोदय के अंतर्गत गतिविधियां संचालित की जाना हैं। सभी मिशनों के अंतर्गत कार्यों को गति देते हुए इनकी मॉनीटरिंग आत्मनिर्भर पोर्टल के माध्यम से करना तत्काल आरंभ किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप में 906 गतिविधियां और 3 हजार 25 उप गतिविधियां आरंभ की गई थीं। यह प्रसन्नता का विषय है कि 796 गतिविधियां अब तक पूर्ण भी हो चुकी हैं।

मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के लिये कार्ययोजना को मिली मंजूरी

भोपाल, मध्यप्रदेश में 724 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए भारत सरकार द्वारा 3856 करोड़ रुपये की वार्षिक कार्य-योजना को मंजूरी दी गई है। इस राशि से प्रदेश के 51 राष्ट्रीय राजमार्गों के सुदृढ़ीकरण, पुल और नवीन मार्गों के निर्माण का कार्य कराया जाएगा।

लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव श्री नीरज मंडलोई ने बताया कि प्रदेश से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के रख-रखाव, गुणवत्ता नियंत्रण, चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, पुल निर्माण तथा नवीन राजमार्गों के निर्माण की विस्तृत कार्य-योजना तैयार कर भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को भेजी गई थी, जिसे भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि इसके तहत 8 राष्ट्रीय राजमार्गों की 527 किलोमीटर सड़कों का चौड़ीकरण किया जायेगा। इस कार्य के लिये 2966 करोड़ रुपये की राशि की स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार 11 राष्ट्रीय राजमार्गों के 210 किलोमीटर के निर्माण में भू-अर्जन के लिये 526 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात की सुगमता के लिये 3 पुलों के निर्माण के लिये 33 करोड़ रुपये, 7 राष्ट्रीय राजमार्गों के 197 किलोमीटर सड़क मार्गों के सुदृढ़ीकरण के लिये 125 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं। इसी प्रकार प्रदेश में 22 राष्ट्रीय राजमार्गों पर 112 किलोमीटर क्षेत्र में सुदृढ़ीकरण सहित अन्य कार्यों के लिये 200 करोड़ रुपये तथा प्रदेश में नवीन 194 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों की डीपीआर तैयार करने के लिये कार्ययोजना में स्वीकृत की गई है।

वर्ष 2021-22 की स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना में नसरुल्लागंज-रेहटी-बुधनी मार्ग में 47 किलोमीटर क्षेत्र के चौड़ीकरण के लिये 3 करोड़ 4 लाख 55 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। इसी प्रकार जीरापुर सुसनेर से राजस्थान सीमा तक 47 किलोमीटर मार्ग के लिए 3 करोड़ 6 लाख 54 हजार, कुरावाई, मुंगावली से चंदेरी तक 81 किलोमीटर के लिए 4 करोड़ 99 लाख, डिंडौरी- सागर टोला 78 किलामीटर के लिए 3 करोड़ 29 लाख, जीरापुर-पचौर बायपास को सम्मलित करते हुए 53 किलोमीटर के लिए 4 करोड़ 36 लाख, कुन्डम सें शहापुरा 40 किलोमीटर के लिए 1 करोड़ 78 लाख, जाहरखेड़ा- वैरसिया-धौलखेड़ी बायपास को सम्मलित करते हुए 87 किलोमीटर के लिए 3 करोड़ 56 लाख रुपये तथा डिंडौरी से मण्डला से बायपास को सम्मलित करते हुए 94 किलोमीटर के लिए 5 करोड़ 56 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

कोरोना से लड़ते भी रहेंगे और काम-धंधा भी करते रहेंगे

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के निर्माण श्रमिकों के खाते में सहायता राशि अंतरित करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में एक जून से धीरे-धीरे कोरोना कर्फ्यू समाप्त किया जाएगा। ऐसे में आपको पूरी सावधानी रखनी हैं। मास्क लगाना है, एक दूसरे से दूरी रखनी है, कहीं भीड़ नहीं करनी है, बार-बार हाथ धोने हैं। सबको वैक्सीन लगवाना है। इन सब सावधानियों का पालन करते हुए हम कोरोना से लड़ते भी रहेंगे और काम-धंधा भी करते रहेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के निर्माण श्रमिकों से बातचीत करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने इसके पूर्व प्रदेश के 11 लाख 28 हजार निर्माण श्रमिकों के खाते में कोविड-19 सहायता योजना के अंतर्गत 112 करोड़ 81 लाख रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। इस अवसर पर श्रम एवं खनिज संसाधन मंत्री श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

पांच माह का निःशुल्क राशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन द्वारा सभी गरीबों, जिनमें निर्माण श्रमिक भी शामिल हैं, को पांच माह का प्रति सदस्य पांच-पांच किलो प्रतिमाह निःशुल्क राशन दिया जा रहा है, जिसमें तीन माह का राशन राज्य सरकार और दो माह का राशन केंद्र सरकार दे रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह राशन प्रत्येक गरीब को मिल जाए, यह सुनिश्चित करें।

आपका भाई आपके साथ खड़ा है

श्री चौहान ने कहा कि सरकार कोविड उपचार योजना में कोरोना का निःशुल्क इलाज कर रही है। आयुष्मान कार्डधारी व्यक्ति एवं उसके परिवार को वर्ष में पांच लाख रुपये तक सम्बद्ध निजी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज की सुविधा दी गई है। इसके अलावा सभी शासकीय अस्पतालों एवं अनुबंधित अस्पतालों में भी कोरोना का निःशुल्क इलाज हो रहा है। प्रदेश में कोरोना से मां-बाप की मृत्यु पर बच्चों को पांच हजार रुपये मासिक पेंशन देने की योजना भी चालू की गयी है। सरकार संकट के समय पूरी तरह आपके साथ है। आपका भाई आपके साथ खड़ा है।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से टीकमगढ़ जिले के निर्माण श्रमिक श्री परीक्षित अहिरवार, इंदौर की श्रीमती शशि वर्मा, मंडला की श्रीमती गिरिजा वनवासी, भिंड के श्री प्रसाद राठौर तथा सीहोर की श्रीमती लता मालवीय से बातचीत भी की। उन्होंने पूछा कि कोरोना के दौरान पाबंदियां लगाने पर वे अपने भाई से गुस्सा तो नहीं हैं। यदि कोरोना कर्फ्यू नहीं लगाया जाता तो प्रदेश में कोरोना संक्रमण नियंत्रित नहीं होता। यह जरूरी था। अब कोरोना नियंत्रित हो गया है, अतः हम धीरे-धीरे पाबंदियां खत्म करेंगे। स्थानीय क्राइसिस मैनेजमेंट समूह निर्णय करेंगे कि क्या खुले और कब-कब खुले। सभी ने कहा कि कोरोना कर्फ्यू तो जरूरी था।

आप अपनी सुरक्षा स्वयं करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से आपको अपने गांव-शहर की खुद सुरक्षा करनी पड़ेगी। सारी सावधानियों का पालन करें। साथ ही वैक्सीन जरूर लगवाएं। यह कोरोना से बचने का सुरक्षा चक्र है।

ऑक्सीजन समृद्ध प्रदेश बनाने शुरू होगा अंकुर कार्यक्रम

भोपाल, राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश के हरित क्षेत्र में वृद्धि, स्वच्छ पर्यावरण और प्राणवायु से समृद्ध प्रदेश बनाने के उद्देश्य से आगामी मानसून में जन-सहभागिता से व्यापक स्तर पर पौध-रोपण के लिये 'अंकुर कार्यक्रम' आरंभ होगा। कार्यक्रम के तहत फलदार-छायादार वृक्षों का पौध-रोपण और देखभाल करने वाले जिलेवार चयनित विजेताओं को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 'प्राणवायु' अवॉर्ड से सम्मानित कर प्रमाण-पत्र प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिये प्रतिभागियों को गूगल प्ले स्टोर से 'वायुदूत एप' डाउनलोड कर पंजीयन कराना होगा। प्रतिभागियों को स्वयं के संसाधन से कम से कम एक पौध का रोपण कर पौधे की फोटो तथा एक माह बाद पुनः रोपित पौधे की नई फोटो एप पर डाउनलोड कर प्रतिभागी सहभागिता प्रमाण-पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिये पर्यावरण नियोजन समन्वय संगठन (एप्को) को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण श्री मलय श्रीवास्तव ने सभी जिला कलेक्टरों को जिला नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर नाम, उपनाम, ई-मेल आईडी आदि कार्यपालन संचालक एप्को को भेजने के निर्देश दिये हैं। जिला नोडल अधिकारी स्थानीय वेरीफायर का नाम एप में डाउनलोड करेंगे, जो चयनित प्रतिभागियों के पौध-रोपण कार्य को सत्यापित करेंगे। विजेताओं की सूची वायुदूत एप में अपलोड की जायेगी। विजेताओं को 'वृक्षबीर' और 'वृक्ष वीरांगना' के रूप में जाना जायेगा। विजेताओं में 50 प्रतिशत पुरुष और 50 प्रतिशत महिलाएं होंगी। इसी तरह आधे पुरस्कार ग्रामीण और आधे शहरी क्षेत्र के लिये होंगे। पौध-रोपण घर के आंगन, शासकीय, अशासकीय भूमि, सामुदायिक स्थानों पर किये जा सकेंगे। पौध-रोपण के पहले प्रतिभागी को संबंधित भू-स्वामी से सहमति लेनी होगी। शासकीय और सामुदायिक स्थल पर किये गये पौध-रोपण से भविष्य में होने वाले लाभों के प्रथम हकदार समाज या राज्य शासन होगा।

वरिष्ठजनों के लिए मध्यप्रदेश में हेल्पलाइन शुरू

भोपाल, कोरोना काल में वरिष्ठजनों की समस्याओं का समाधान करने के लिए मध्यप्रदेश में एल्डर लाइन कॉल सेंटर शुरू हो गए हैं। वरिष्ठजन अपनी समस्या हेल्पलाइन 14567 पर कॉल करके बता सकते हैं। कॉल सेंटर द्वारा संबंधित लोगों को इनकी समस्याओं से अवगत करा दिया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल ने प्रदेश के वरिष्ठजनों से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा कोरोना वायरस के दौरान वरिष्ठजनों को उनकी विभिन्न समस्याओं का घर बैठे समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह सेवा शुरू की गई है। फिलहाल यह सेवा मध्यप्रदेश सहित उत्तरप्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु कर्नाटक और तेलंगाना राज्य में शुरू की गई है। शेष राज्यों में माह के अंत तक यह सेवा शुरू होने की उम्मीद है।

समर्थन मूल्य पर होगी मूंग की खरीद

भोपाल, किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने बताया है कि मध्यप्रदेश सरकार किसानों से ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीदी समर्थन मूल्य पर करने जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय नेतृत्व की सहमति से समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदे जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। श्री पटेल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा मूंग का समर्थन मूल्य 7 हजार 196 रुपये प्रति क्विंटल निश्चित किया गया है

श्री पटेल ने बताया कि केंद्र सरकार ने मूंग की फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिये मध्यप्रदेश सरकार को मंजूरी प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर मूंग को खरीदे जाने के लिए प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने के साथ ही मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निरंतर मार्गदर्शन में केंद्रीय कृषि मंत्री से निरंतर चर्चा की गई। भारत सरकार के कृषि मंत्रालय से भी सतत् संपर्क बनाये रखा गया।

हरदा एवं होशंगाबाद के साथ ही पूरे प्रदेश के किसानों के लिए यह अति प्रसन्नता का दिन है कि अब प्रदेश में भी ग्रीष्मकालीन मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी प्रारंभ होगी।

श्री पटेल ने बताया कि हरदा और होशंगाबाद में 3 लाख 33 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में मूंग की फसल किसानों ने लगाई है। उन्होंने स्वयं ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल की सिंचाई के लिए न सिर्फ तवा डैम के गेट खुलवाये, बल्कि सिंचाई के लिए सभी को पानी उपलब्ध हो, इसके लिये मॉनीटरिंग की समुचित व्यवस्था की भी निगरानी की।

श्री पटेल ने कहा कि हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सपने को पूरा करने में सफल हुए हैं। हरदा और होशंगाबाद में 3 हजार 500 करोड़ रुपये की मूंग का रिकॉर्डेड उत्पादन होगा। किसानों की आय दोगुना करने का प्रधानमंत्री का सपना पूर्ण होगा।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना को मिला मंत्रिपरिषद का अनुमोदन

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में मंत्रिपरिषद की वर्चुअल बैठक सम्पन्न हुई। मंत्रिपरिषद की बैठक में कोविड-19 महामारी के दौरान, राज्य शासन के नियोजन में कार्यरत नियमित, स्थाईकर्मी, कार्यभारित एवं आकस्मिकता से वेतन पाने वाले, दैनिक वेतनभोगी, तदर्थ, संविदा, कलेक्टर दर, आऊटसोर्स, मानदेय के रूप में कार्यरत शासकीय सेवक, सेवायुक्त जिनकी शासकीय सेवा में कार्यरत रहने के दौरान मृत्यु हो जाती है, उनके पात्र आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के लिये 'मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना' लागू करने का निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं-

- मंत्रिपरिषद ने 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्तियों को कोविड-19 का टीका लगाने के लिय ग्लोबल टेंडर के माध्यम से एक करोड़ वैक्सीन डोज क्रय करने के लिए मध्यप्रदेश हेल्थ कॉर्पोरेशन को अधिकृत किया।
- वैक्सीन क्रय की निविदा प्रक्रिया का तकनीकी परीक्षण करने एवं वित्तीय प्रस्ताव स्वीकृत करने के लिए उच्च-स्तरीय समिति के गठन का निर्यण लिया गया। तकनीकी परीक्षण के बाद निविदाकारों के वित्तीय प्रस्तावों का परीक्षण कर वैक्सीन क्रय के लिये दर निर्धारण की कार्यवाही का प्रस्ताव मंत्रिपरिषद के समक्ष स्वीकृति के लिये प्रस्तुत किया जायेगा।
- मंत्रिपरिषद ने कोरोना महामारी से निपटने के लिये तात्कालिक एवं आकस्मिक व्यय जिनका पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता था एवं राज्य के बाहर के प्रवासी श्रमिकों के परिवहन आदि की आवश्यकताओं के लिये जारी निर्देशों/राशि का अनुमोदन दिया।
- मंत्रिपरिषद ने कोविड-19 महामारी की रोकथाम में अप्रत्याशित व्ययों के लिये, जो एस.डी.आर.एफ. के मापदण्डों में अनुमत्य नहीं थे जैसे मजदूरों की यातायात व्यवस्था के लिए, राहत शिविरों के संचालन के लिये 52 जिलों को व्यय अनुमति के लिये जारी निर्देशों का कार्योत्तर अनुमोदन किया।
- मंत्रिपरिषद ने वर्ष 2020 में लॉकडाउन के दौरान अन्य राज्यों में फंसे श्रमिकों को मध्यप्रदेश में ट्रेनों के माध्यम से लाने के लिये की गई कार्यवाही का कार्योत्तर अनुमोदन दिया।
- कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिये राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के दौरान मध्यप्रदेश राज्य के ऐसे मजदूर, जो अन्य राज्यों में फंसे हुए थे, की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति को ध्यान में रखते हुए उनके बैंक अकाउंट/ ई-वॉलेट के माध्यम से 1000 रुपये हस्तांतरित करने का प्रावधान करते हुए लागू की गई मुख्यमंत्री प्रवासी मजदूर सहायता योजना का मंत्रिपरिषद ने कार्योत्तर अनुमोदन किया।
- मंत्रिपरिषद ने कोरोना रोकथाम के लिये लॉकडाउन के दौरान प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन के लिये नायब तहसीलदारों को एक अप्रैल से 31 मई 2020 तक दो माह के लिए किराये के वाहन के लिये जारी निर्देशों का कार्योत्तर अनुमोदन दिया।
- मंत्रिपरिषद ने कोविड-19 के कारण लॉकडाउन के दौरान ड्यूटी करने वाले डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, पुलिस अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के ठहरने के लिये क्वारंटीन सेंटर के रूप में संचालित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा होटलों का अधिग्रहण के लिये की गई कार्यवाही का अनुमोदन दिया।
- मंत्रिपरिषद ने वित्तीय वर्ष 2020-2021 से 2022-2023 की अवधि में 'महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल कार्यक्रम' को संचालन करने की स्वीकृति प्रदान की है। इस कार्यक्रम के संचालन के लिये वर्ष 2020-21 के लिये 10 करोड़ 40 लाख 78 हजार 100 रुपये, वर्ष 2021-22 के लिये 10 करोड़ 5 लाख 51 हजार 360 रुपये तथा वर्ष 2022-23 के लिये 7 करोड़ 52 लाख 37 हजार 246 रुपये कुल 27 करोड़ 98 लाख 66 हजार 706 रुपये की राशि व्यय करने की स्वीकृति भी दी।
- मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत विभागीय भर्ती नियमों में प्रथम श्रेणी विशेषज्ञों के स्वीकृत पदों पर 100 प्रतिशत पदोन्नति संबंधी प्रावधान में संशोधन करते हुए 25 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से एवं शेष 75 प्रतिशत पूर्ववत पदोन्नति से भरे जाने की स्वीकृति प्रदान की। उक्त प्रावधान विभागीय भर्ती नियमों में समाहित करने के बाद प्रदेश के आमजन को विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध कराए जाने के लिये सीधी भर्ती से विशेषज्ञों की भर्ती की कार्यवाही की जा सकेगी।
- आमजन को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं प्रदान करने के लिये प्रदेश में द्वितीय श्रेणी पी.जी. चिकित्सकों को विभाग में सेवाओं के लिए आकर्षित करने के लिए चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यग्रहण करने के बाद का क्रमोन्नति के रूप में विशेषज्ञ के पद पर आगामी ग्रेड-पे (5400 से 6600) स्नातकोत्तर डिग्रीधारी चिकित्सकों को दो वर्ष की सेवा उपरांत एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारी चिकित्सकों को तीन वर्ष की नियमित सेवा के बाद दी जा सकेगी।
- मंत्रिपरिषद ने राज्य शासन द्वारा प्रतिकरात्मक वन रोपण निधि (कैम्पा निधि) अंतर्गत वर्ष 2021-22 की वार्षिक प्रचालन कार्य योजना (ए.पी.ओ.) के क्रियान्वयन के लिये राशि 776 करोड़ 97 लाख रुपये के कैम्पा निधि से उपयोग का अनुमोदन किया।
- मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में रबी 2020-21 (रबी विपणन वर्ष 2021-22) में भारत सरकार की पी.एस.एस. अंतर्गत चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन के लिये पंजीकृत कृषकों से राज्य उपार्जन एजेंसी 'मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ' द्वारा करने का निर्णय लिया।
- उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग के अंतर्गत क्रियान्वित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाय) के घटक पर ड्रॉप मोर क्रॉप (माइक्रो इरीगेशन) को 1 अप्रैल 2021 के बाद भी वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक निरन्तर रखे जाने की अनुमति मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदान की गई।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एआईएफ ने मध्यप्रदेश को दिये छह हजार वेंटीलेटर और तीन हजार मॉनीटर

भोपाल, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने बताया कि अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन (एआईएफ) ने मध्यप्रदेश को 6 हजार सिंगल यूज सेल्फ-पॉवर्ड वेंटीलेटर और 3 हजार मॉनीटर उपलब्ध कराये हैं। जो जेरोक्स से प्राप्त किये गये हैं। उन्होंने कहा कि इनका उपयोग दूरस्थ स्वास्थ्य संस्थाओं में मरीजों के हित में किया जाएगा। वेंटीलेटर डिस्पोजेबल, हाथों से मुक्त उपकरण है, जिन्हें बिजली या बैटरी की आवश्यकता नहीं होती है।

स्वास्थ्य मंत्री ने उक्त महत्वपूर्ण उपकरण प्रदेश को प्राप्त होने पर एआईएफ के श्री मेथ्यू जोसफ से वर्चुअल चर्चा की और उनका आभार माना। चर्चा में स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। कोरोना की दूसरी लहर आने से संक्रमण शहरों से ग्रामीण स्तर तक फैला है। कोरोना संक्रमण को समाप्त करने के लिये जन-भागीदारी से अनेक कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। साथ ही किल-कोरोना अभियान चलाकर डोर-टू-डोर संभावित रोगियों का सर्वे किया जा रहा है। शहरों में कोरोना सहायता केंद्र बनाकर संक्रमित की पहचान की जा रही है और उनका समुचित इलाज भी किया जा रहा है। डॉ. चौधरी ने बताया कि प्रदेश में संक्रमण की दर में भी कमी आयी है और रिकवरी भी बढ़ रही है।

डॉ. चौधरी ने प्रदेश को वेंटीलेटर और मॉनीटर उपलब्ध कराने के लिए कन्ट्री डॉयरेक्टर श्री मेथ्यू जोसफ को धन्यवाद दिया। श्री जोसफ ने प्रदेश में तीन स्थानों पर पोर्टेबल अस्पताल और 2 स्थानों पर ऑक्सीजन प्लांट लगाने की सहमति भी दी है। डॉ. चौधरी ने कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी की रोकथाम के लिए संस्था द्वारा मध्यप्रदेश को दिये गये सहयोग के लिये कृतज्ञता जाहिर की।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि अमेरिकन इंडियन फाउंडेशन महिलाओं, बच्चों और युवाओं पर विशेष ध्यान देने के साथ भारत के वंचितों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एआईएफ का उद्देश्य समुदायों, सिविल सोसाइटी और विशेषज्ञता के बीच व्यापक जुड़ाव है, जिससे संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच एक स्थायी सेतु का निर्माण होता है। उन्होंने बताया कि अमेरिकन इंडियन फाउंडेशन के भारत में संचालन का मुख्यालय दिल्ली एनसीआर में स्थित है।

बेहतर कार्य करने वाली आपदा प्रबंधन समितियां होंगी पुरस्कृत

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कोरोना नियंत्रण कोर ग्रुप की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, कोविड-19 की रोकथाम और बचाव के लिये कोविड प्रबंधन रणनीति कामयाब होती जा रही है। इसमें जन-सहभागिता की महती भूमिका है। कोरोना संक्रमण लगातार कम होता जा रहा है। जो भी गांव और ग्राम पंचायत कोरोना संक्रमण से पूर्णतया मुक्त हो जाये, उसकी विधिवत गर्व के साथ कोरोना मुक्त होने की घोषणा जन-प्रतिनिधि या क्राइसिस मैनेजमेंट समिति के सदस्य करें। अच्छा कार्य करने वाली आपदा प्रबंधन कमेटियों को 15 अगस्त को पुरस्कृत किया जाये। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में कोरोना नियंत्रण के लिये कोर ग्रुप की बैठक को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसद, विधायक, जन-प्रतिनिधि, कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये ग्रामीणों में जागरूकता के लिये अपील करें। उन्हें प्रेरित किया जाये कि ऐसा प्रयास हो कि गांव में कोई भी कोरोना पॉजिटिव केस नहीं रहे। ग्रामीण पूरी सतर्कता के साथ सावधानी बरतें।

कम नहीं हो टेस्टिंग

श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण की प्रभावी रोकथाम के लिये अधिक से अधिक टेस्टिंग की जाये। कोरोना प्रकरण में भारी कमी आयी है। इसे पूरी तरह समाप्त करने के लिये कॉन्ट्रैक्ट ट्रेसिंग करें ताकि सभी कोरोना संक्रमित मरीज चिन्हित किये जा सकें।

किल-कोरोना अभियान जारी रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि किल-कोरोना अभियान चलता रहे। किल-कोरोना-4 शुरू किया जाये ताकि कोरोना के लक्षण वाले व्यक्तियों की पहचान होती रहे तथा उन्हें उचित उपचार दिया जा सके।

कोरोना संक्रमितों को कोविड केयर सेन्टर में आइसोलेट करें

श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमित एक्टिव मरीजों की संख्या में भारी कमी आयी है। यह अच्छा संकेत है। इस स्थिति में कोविड केयर सेंटर के आइसोलेशन बेड रिक्त हैं। अतः अब संक्रमित मरीजों को होम आइसोलेट करने के स्थान पर उन्हें कोविड केयर सेंटर में आइसोलेट किया जाये तथा दवा-भोजन आदि की बेहतर सुविधा दी जाये। इससे होम आइसोलेशन के दौरान घर के अन्य सदस्यों को होने वाले संक्रमण पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।

कोरोना कर्फ्यू का सख्ती से पालन करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना कर्फ्यू का कड़ाई से पालन किया जाये, शून्य प्रतिशत पॉजिटिविटी दर को हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि नागरिक उचित व्यवहार कर कोरोना संक्रमण से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना अभी रहेगा और दुनिया की गतिविधियां भी चलती रहेंगी। सावधानी रखी जाये। माइक्रो कन्टेनमेन्ट जोन बनाये जायें। वार्ड स्तर पर संक्रमण को रोका जाये। श्री चौहान ने कहा कि कोरोना कर्फ्यू को धीरे-धीरे हटाने की दिशा में रणनीति बनायी जा रही है।

तीसरी लहर आने ही नहीं दें

श्री चौहान ने कहा कि हमारा पूरा प्रयास होगा कि कोरोना की तीसरी लहर आने ही नहीं दी जाये। फिर भी वैज्ञानिकों की चेतावनी को ध्यान में रखकर सभी आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था तथा बचाव के उपायों की अग्रिम तैयारी की जा रही है।

ब्लैक फंगस के उपचार की व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्लैक फंगस के इलाज के लिये सभी जरूरी चिकित्सा उपाय किये गये हैं। इंजेक्शन एवं टैबलेट उपलब्ध हैं। उन्होंने रतलाम में ब्लैक फंगस के उपचार के लिये एक वार्ड शुरू करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जो कोरोना मरीज स्वस्थ हो रहे हैं। उनकी पोस्ट कोविड केयर की जाये। कोविड कमाण्ड सेन्टर से लगातार मॉनीटरिंग की जाये।

बिजली उपभोक्ताओं और जनप्रतिनिधियों से रखें सतत् संवाद

भोपाल, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री गणेश शंकर मिश्रा ने मैदानी इंजीनियरों को निर्देश दिए हैं कि जन-प्रतिनिधियों और उपभोक्ताओं से सतत संवाद रखा जाए। उनकी समस्याओं को समय पर हल किया जाए। उपभोक्ताओं के बिजली बिल की एक्यूरेसी (शुद्धता) पर ध्यान रखें, ऑनलाइन भुगतान को मैदानी स्तर पर प्रोत्साहित करें। मीटर रीडिंग एवं मीटर रीडर के कार्यों पर निगरानी रखें।

श्री मिश्रा ने कहा कि सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को घोषित अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखें। आबादी को 24 घंटे एवं कृषि कार्य के लिए 10 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। सभी मैदानी अधिकारी अपने मोबाइल फोन चालू रखें। उन्होंने कहा कि बिल सुधार के प्रयासों, मेंटिनेंस आदि की जानकारी उपभोक्ताओं और जनप्रतिनिधियों को समय पर दी जाए। यदि किसी फीडर पर फाल्ट हो गया है तो उसकी सूचना भी वितरण केंद्र स्तर तक के वाट्सएप ग्रुप या फोन से प्रमुख उपभोक्ता एवं जनप्रतिनिधियों को दी जाए, ताकि मैदानी अमले को जन-सहयोग मिलता रहे।

श्री मिश्रा ने कहा कि मानसून के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए मेंटिनेंस को प्रभावी ढंग से किया जाये, ताकि वहां जल्दी कोई खराबी सामने न आए। प्रबंध संचालक ने कहा कि मेंटिनेंस समेत बिजली के सभी कार्यों में सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। लाइनों पर कार्य के दौरान झूला, हेलमेट, ग्लव्ज आदि को पहनकर काम किया जाए।

नगरीय निकाय प्रतिनिधियों के सहयोग से ही कोविड प्रबंधन संभव - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान नगरीय क्षेत्र के प्रतिनिधियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा कोरोना नियंत्रण के संबंध में चर्चा करते हुये।

भोपाल, शहरी क्षेत्रों में कोरोना की विपदा का सामना करने में नगर पालिका, नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह लड़ाई किसी के लिए भी अकेले लड़ पाना संभव नहीं था। आप सबके सहयोग से ही प्रदेश में कोरोना को नियंत्रित किया जा सका है। प्रदेश की समग्र पॉजिटिविटी दर घटकर 4.82 प्रतिशत हो गई है। यह जन-प्रतिनिधियों के सक्रिय सहयोग से संभव हुआ है। कोरोना को नियंत्रित रखने के लिये लॉकडाउन का कड़ाई से पालन करने और व्यवस्थाओं को धीरे-धीरे आरंभ करने की आगामी रणनीति भी नगरीय निकायों के जन-प्रतिनिधियों के सुझाव से ही बनेगी और इसका क्रियान्वयन भी आपके सहयोग से ही होगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नगरीय क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों अर्थात पूर्व तथा वर्तमान मेयर, नगरपालिका, नगर परिषद के पूर्व तथा वर्तमान अध्यक्षों और पार्षदों को कोविड-19 के नियंत्रण के प्रबंधन पर निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानवता के इतिहास में ऐसे संकट यदा-कदा ही आते हैं।

श्री चौहान ने कहा कि संक्रमण रोकने के लिए प्रदेश में लम्बे समय तक व्यापार और कार्यालयों को बंद नहीं रखा जा सकता है। एक जून से अनलॉक की प्रक्रिया आरंभ करने का विचार है। इसमें क्रमबद्ध रूप से गतिविधियां आरंभ की जाएंगी। कई नगरीय क्षेत्रों में कोरोना के प्रकरण कम हैं, जबकि कई स्थानों पर इनकी संख्या अधिक है। इस स्थिति में हमें एरिया स्पेसिफिक रणनीति बनानी होगी। अपने जिलों के अधिक संक्रमण वाले वार्डों को हॉट स्पॉट के रूप में चिन्हित करना होगा। इन क्षेत्रों को माइक्रो कंटेटमेंट एरिया बनाकर सघन मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए। सघन टेस्टिंग के लिए अभियान जारी रहे। जिन घरों में कोरोना संक्रमण से प्रभावित व्यक्ति हैं उन्हें होम आइसोलेट किया जाए। यह भी सुनिश्चित करें कि ऐसे व्यक्ति परिवार के अन्य सदस्यों से नहीं मिलें। इसका लगातार अनुसरण करना आवश्यक होगा। परिवार वालों को समझाइश देकर इसके लिए तैयार किया जा सकता है। आवश्यकता होने पर मरीज को कोविड केयर सेंटर में रखने की व्यवस्था की जाए। अब प्रदेश में कोरोना प्रकरणों की संख्या कम है। अतः कॉन्ट्रैक्ट ट्रेसिंग को भी प्रभावी तरीके से लागू किया जाए इससे संक्रमण को फैलने से रोकने में मदद मिलेगी। जन-प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में परिस्थिति अनुसार माइक्रो प्लानिंग कर मॉनीटरिंग करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां कोरोना का एक भी पॉजिटिव केस हो वहां टेस्टिंग जारी रहे। टेस्टिंग के लिए सघन गतिविधियां संचालित की जाएं। भोपाल में आरंभ की गई मोबाइल टेस्टिंग व्यवस्था प्रभावी है, जिसका अनुसरण आवश्कतानुसार अन्य जिले भी कर सकते हैं।

पर्चीविहीन हितग्राहियों को भी मिलेगा निःशुल्क खाद्यान्न

पोर्टल से अथवा स्थानीय निकाय से हितग्राही प्राप्त कर सकता है पर्ची

भोपाल, प्रमुख सचिव खाद्य श्री फैज़ अहमद किदवई ने बताया कि प्रदेश में 19 मई 2021 तक 4 लाख 53 हजार 446 हितग्राहियों का सत्यापन किया जाकर पात्रता सूची पोर्टल पर प्रदर्शित करा दी गई है एवं निःशुल्क खाद्यान्न वितरण के लिए अस्थाई पर्ची जारी की जा रही हैं। जिसे हितग्राही स्वयं पोर्टल से अथवा स्थानीय निकाय से प्राप्त कर सकता है। हितग्राहियों को पात्रता पर्ची की सूचना उनके द्वारा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भेजी जा रही है।

उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण में गरीब परिवारों को निःशुल्क राशन वितरण में ऐसे परिवार जिनके पास खाद्यान्न पर्ची नहीं थी, के लिए अस्थाई खाद्यान्न पर्ची बनवाई जा रही है। प्रमुख सचिव खाद्य श्री फैज़ अहमद किदवई ने बताया कि आवेदक अपने आवेदन 31 मई तक निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र के साथ जमा करा सकते हैं। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में शेष हितग्राहियों को भी निःशुल्क खाद्यान्न दिए जाने के लिए अस्थाई पर्ची बनाए जाने के आदेश प्रदान किये गये हैं।

स्थाई पर्ची भी की जाएंगी जारी

प्रमुख सचिव खाद्य श्री फैज़ अहमद किदवई ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत सम्मिलित श्रेणियों में से पात्रता पर्चीविहीन अथवा छूटे हुए गरीब परिवारों को पात्रता संबंधी दस्तावेज एवं आधार नंबर उपलब्ध न होने संबंधी घोषणा पत्र के आधार पर नाम जोड़ने की व्यवस्था की गई है। इसके तहत हितग्राही को निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा। इसके साथ एक घोषणा पत्र कि उसके पास पात्रता संबंधी प्रपत्र उपलब्ध नहीं है भी देना होगा, के आधार पर तीन माह के लिए अस्थाई पर्ची जारी की जाएगी। इस अस्थाई पर्ची के माध्यम से हितग्राही 5 माह का निःशुल्क राशन प्राप्त कर सकेंगे। इस तीन माह में यदि आवेदक प्रपत्र उपलब्ध करवा देता है तो उसे स्थाई पर्ची भी जारी की जा सकेगी।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत हितग्राहियों को 3 माह (मई, जून एवं जुलाई) का राशन एक मुश्त प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 2 माह मई एवं जून का राशन वितरित किया जायेगा। दोनों ही योजनाओं में 5 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति सदस्य प्रतिमाह दिया जाएगा। जोड़े गए परिवारों के लिए गेहूं एवं चावल का आवंटन जारी किया गया है। आवंटित खाद्यान्न के आने की प्रत्याशा में दुकान में उपलब्ध खाद्यान्न से ही हितग्राही को राशन वितरित किया जाए।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

फैमे नाओमी

समोआ की पहली महिला प्रधानमंत्री

दो लाख की आबादी वाले छोटे से देश समोआ को

अपनी पहली महिला प्रधानमंत्री मिल गई है। समोआ देश की सुप्रीम कोर्ट ने फैमे नाओमी माताअ'फा की जीत पर मुहर लगा दी है। फैमे ने दुनिया में दूसरे सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले सैलेले मलीलेगोई को चुनावों में हराया है। वह 1998 से प्रधानमंत्री थे। फैमे अपने देश में लोकप्रिय राजनीतिज्ञ का दर्जा रखती हैं।

फ्रांस अनलॉक

रेस्त्रां में पहुंचे राष्ट्रपति

यूरोप के तीन देश फ्रांस, ऑस्ट्रिया और डेनमार्क भी

अब पूरी तरह अनलॉक हो गये हैं। फ्रांस में 6 महीने बाद रेस्त्रां खुले हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और प्रधानमंत्री जीन कैस्टेक्स कॉफी का लुत्फ उठाने एक रेस्त्रां में पहुंचे। उनकी खुशनुमा तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

फिल्म के लिए

रूसी अभिनेत्री और निर्देशक जायेंगे स्पेस

रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रॉसकॉसमॉस ने बताया कि

5 अक्टूबर 2021 को अभिनेत्री यूलिया पेरेसिल्ड और निर्देशक क्लिम शिपेंको को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन भेजेगी। स्पेस में बनने वाली पहली फिल्म के लिए इन्हें । जून 2021 से विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। फिल्म का शीर्षक 'चैलेंज' रखा गया है।

एंड्रिया मेजा

मैक्सिको की मॉडल मिस यूनिवर्स-2020 बनीं

मैक्सिको की एंड्रिया मेजा मिस यूनिवर्स - 2020 बन

गई हैं। सॉफ्टवेयर इंजीनियर मेजा ने ब्राजील की जूलिया गामा को हराया। मिस इंडिया एडलिन केस्टीलीनो चौथे स्थान पर रहीं। इवेंट में मिस म्यांमार थुजर थिट लिन ने सैन्य तख्तापलट के खिलाफ आवाज उठाई।

सिलेकैंथ फिश

दुर्लभ मानी जाने वाली मछली जिंदा मिली

मेडागास्कर के तट पर हिंद महासागर में सिलेकैंथ

नामक मछली मिली है। यह प्रजाति 42 करोड़ साल पुरानी बतायी जा रही है। इस मछली को 1938 तक विलुप्त माना जाता था। बतौर रिपोर्ट्स दक्षिण अफ्रीका के शिकारियों के समूह ने इसे खोजा है, जो शार्क का शिकार करता है। इस मछली के 8 पंख हैं। साथ ही मछली के शरीर पर विशेष धारियां भी बनी हुई हैं।

यमुनोत्री

कपाट खुले, दर्शन ऑनलाइन होंगे

उत्तराखंड में यमुनोत्री के कपाट अक्षय तृतीया पर

पुरोहितों की मौजूदगी में खोल दिए गए। गंगोत्री धाम के कपाट 15 मई, केदारनाथ धाम के कपाट 17 मई और बद्रीनाथ धाम के कपाट 18 मई को खोल दिए गए। सभी धाम के दर्शन ऑनलाइन हो रहे हैं। 100 क्विंटल फूलों की सजावट से बद्रीनाथ धाम के कपाट लघु समारोह कर खोल दिए गये।

ताशी यांगजोम

एवरेस्ट के शिखर पर 2021 में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला

अरुणाचल प्रदेश की ताशी यांगजोम 2021 में माउंट

एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। ताशी अरुणाचल के दिरांग स्थित राष्ट्रीय पर्वतारोहण और संबद्ध खेल संस्थान में प्रशिक्षक हैं। 37 वर्षीय ताशी अपने संस्थान से पिछले तीन साल में एवरेस्ट फतह करने वाली नौवीं पर्वतारोही हैं। ताशी के मुताबिक कोरोना के बीच मिली यह उपलब्धि उनके लिए काफी मायने रखती है।

नीरा टंडन

अमेरिकी राष्ट्रपति की वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की टीम में

भारतीय मूल की नीरा टंडन को वरिष्ठ सलाहकार चुन लिया गया है। नीरा टंडन के सीनियर एडवाइजर नियुक्त किये जाने पर सेंटर फॉर अमेरिकन प्रोग्रेस (सीएपी) के संस्थापक जॉन पेडेस्टा ने खुशी जताई है। नीरा अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन की करीबी सहयोगी रही हैं।

हॉन्गकॉन्ग में

लिफ्ट और बगीचे वाला घर रिकॉर्ड 1.5 करोड़ रुपये महीने किराए पर गया

निजी लिफ्ट और बगीचे वाला 7022 वर्गफीट का

एक घर रिकॉर्ड 1.5 करोड़ रुपये महीने के किराए पर अज्ञात शख्स ने लिया है। इस घर में 5 बेडरूम हैं। रिपोर्ट के मुताबिक केलेट रोड स्थित इस घर के लिए किराएदार सालाना 18.3 करोड़ रुपये बतौर किराया देगा। इसके साथ ही यह घर जिससे विक्टोरिया हार्बर के नजारे दिखते हैं, इस साल प्रतिवर्ग फुट के आधार पर शहर का सबसे महंगा घर बन गया है।

ऑस्ट्रेलिया

सुपरमून देखने 2.5 मिनट में बिकीं स्पेशल फ्लाइट की सारी सीटें

ऑस्ट्रेलिया की क्वांटस एयरलाइन ने बताया है कि

उसकी 'फ्लाई मी टू द सुपरमून' फ्लाइट की सारी सीटें रिकॉर्ड 2.5 मिनट में बुक हुईं। एयरलाइन के मुताबिक 26 मई को 40 हजार फीट की ऊंचाई से रात की प्राकृतिक रोशनी का आनंद और पूर्ण चंद्रग्रहण के समय सुपरमून के दीदार करने वालों ने ये सीटें बुक कराई थीं। उड़ान ढाई घंटे की रही। प्रत्येक यात्री को यादगार के तौर पर गिफ्ट बैग और सर्टिफिकेट दिया गया।

कैंटर टर्टल

केरल में मिली दुर्लभ प्रजाति

साफ पानी में मिलने वाले दुनिया के सबसे बड़े

कछुए की दुर्लभ प्रजाति कैंटर, केरल के चंद्रगिरी नदी के पास मिली है। यह प्रजाति अब विलुप्त की श्रेणी में आती है। लंदन जूलॉजिकल सोसाइटी टीम की सदस्य आयुषी जैन ने इस कछुए के कुछ बच्चों को रेस्क्यू किया है। कैंटर बिना खोल वाला कछुआ होता है।

श्री बद्रीनाथ धाम

बनेगा स्मार्ट आध्यात्मिक शहर

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत एवं केंद्रीय

पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में केदारनाथ उत्थान ट्रस्ट तथा तेल एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की पब्लिक सेक्टर कंपनियों के मध्य श्री बद्रीनाथ धाम को आध्यात्मिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए लगभग 100 करोड़ के कार्यों के समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने बताया कि बद्रीनाथ धाम का कायाकल्प कुल 85 हेक्टेयर भूमि में चरणबद्ध तरीके से किया जायेगा। इसे स्मार्ट आध्यात्मिक शहर की तरह विकसित किया जायेगा।

कामी रीता शेरपा

माउंट एवरेस्ट पर 25वीं बार चढ़कर बनाया रिकॉर्ड

नेपाल के 52 वर्षीय कामी रीता शेरपा ने 25वीं

बार दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने में कामयाबी हासिल की है। कामी ने मई 1994 को पहली बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। 1994 से 2021 के बीच वह 25 बार मांउट एवरेस्ट पर पहुंचे। उन्होंने के 2 और माउंट ल्होत्से पर एक-एक बार माउंट मनासलु पर तीन बार और माउंट वो ओयु पर आठ बार चढ़ाई की है।

सोफी बग

27 सेकेंड में बच्चे को जन्म दिया

ब्रिटेन में रहने वाली एक गर्भवती महिला ने महज

27 सेकेंड के भीतर ही अपने बच्चे को जन्म देकर नया रिकॉर्ड बनाया है। 29 साल की सोफी बग 38 हफ्ते की गर्भवती थीं। सोफी जब बॉश रूम गयीं और वापस आयीं तब वह बच्चे को जन्म दे चुकी थीं। रिपोर्ट के अनुसार उसने तकरीबन 27 सेकेंड में बच्चे को जन्म देकर यह रिकॉर्ड बनाया है।

अमेरिका

बाइसन को मारने निकाली 12 वेकेंसी

अमेरिका के ग्रांड कैन्य नेशनल पार्क में बाइसन की

भारी आबादी से निपटने के लिए अधिकारियों ने इन्हें मारने के लिए स्किल्ड वॉलेंटियर्स की वेकेंसी निकाली हैं। वेकेंसी केवल 12 लोगों के लिए निकाली गई है, जबकि इसके लिए 45,000 से ज्यादा लोगों ने आवेदन किए हैं। अमेरिका के राष्ट्रीय उद्यानों में शिकार करना प्रतिबंधित है, लेकिन बाइसन को मारने की इस तैयारी को शिकार करने की श्रेणी में नहीं रखा है।

सारा छीपा

दस वर्षीय बालिका को 196 देशों के नाम मौखिक याद

महज 10 साल की सारा छीपा को दुनिया के 196 देशों

के नाम के साथ देशों की करेंसी भी याद है। राजस्थान की सारा अपने परिवार के साथ दुबई में रहती हैं। पिछले दिनों फेसबुक, लिंकडिन, यू-ट्यूथ पर आयोजित प्रतियोगिता को जीतने में सारा कामयाब रहीं और उन्होंने नया रिकॉर्ड भी बना डाला।

स्मृति शेष

पद्मश्री डॉक्टर के.के. अग्रवाल का कोरोना से निधन

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के

पूर्व अध्यक्ष और पद्मश्री से सम्मानित डॉक्टर के.के. अग्रवाल का कोरोना संक्रमण की वजह से 62 साल की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले पिछले कुछ दिनों से एम्स में भर्ती थे।

टाइम्स ग्रुप की चेयरपर्सन इंदु जैन का निधन

देश के सबसे पुराने मीडिया समूह में शामिल

टाइम्स ग्रुप की चेयरपर्सन इंदु जैन का 84 साल की आयु में कोरोना संक्रमण के कारण निधन हो गया। इंदु जैन द टाइम्स फाउंडेशन की प्रेसिडेंट भी थी, जिसे उन्होंने स्थापित किया था। यह फाउंडेशन प्राकृतिक आपदा राहत सेवा के लिए कार्य करता है।

साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित होमेन बोर्गोहैन का निधन

साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित

दिग्गज पत्रकार होमेन बोर्गोहैन का 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। प्रख्यात असमिया लेखक और असमिया दैनिक नियोजिया ब्रता के संपादक होमेन कोरोना संक्रमित थे। उपन्यास पिता-पुत्र के लिए उन्हें 1978 का साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया था।

1971 की जंग के हीरो कर्नल पंजाब का निधन

1971 में पाकिस्तान के साथ हुई जंग में

पुंछ के पहाड़ों की अहम लड़ाई के हीरो कर्नल पंजाब सिंह का निधन हो गया है। उन्होंने चंडीगढ़ के आर्मी हॉस्पिटल में आखिरी सांसें लीं। वह कोरोना से रिकवर हो गए थे। एक हफ्ते पहले उनके बड़े बेटे का भी निधन हुआ था। कर्नल पंजाब 6-सिख के कमांडिंग अफसर थे। उनके निधन पर प्रधानमंत्री सहित सेना के तीनों अंगों ने शोक प्रकट किया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

आलस्य ही मनुष्य के शरीर में रहने वाला सबसे बड़ा शत्रु है – कौटिल्य

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-01, जबलपुर
1558 ऋषि कॉटेज, रतन कॉलोनी, जबलपुर (म.प्र.) 482003
Ph. : 0761-4927201, Email : mpphcjabalpur@gmail.com

म.प्र. पुलिस आ.अधो.वि.नि. संभाग जबलपुर क्र.-01 में निर्माण कार्य पुलिस चौकी झिरीघाटी, जिला नरसिंहपुर हेतु निविदा क्र. 04/2021-22 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_143643) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 14.06.2021 समय 17.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं सब्मिट (प्रस्तुत) किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/100780/45546/2021 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (म.प्र.)
फोन नं. : 9425601523/8871571988

प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत जिला सीधी, एवं रीवा के विभिन्न कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/2021-22 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2021_MPPHC_143831_1, 2021_MPPHC_143836_1) आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 05.06.2021 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/100797/45548/2021 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)-482002
E-mail : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.- 02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 05/2021-22 जबलपुर में निर्माण कार्य शहरी थाना भवन बेलबाग, जिला-जबलपुर का कार्य (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_144194) एवं निविदा क्रमांक 06/2021-22 फायरिंग रेंज उमरिया में रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य, जिला-उमरिया का कार्य (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_144196) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 10.06.2021 तक** खरीद कर दोपहर 12.00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/100822/45551/2021 **परियोजना यंत्री**

मुख्यमंत्री ने सागर कलेक्ट्रेट परिसर में रोपा पारिजात का पौधा

सागर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सागर के कलेक्ट्रेट परिसर में पारिजात का पौधा रोपित किया। श्री चौहान सागर संभाग की कोविड-19 समीक्षा बैठक एवं क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक में शामिल होने सागर पहुँचे थे। सागर पहुंचने के बाद उन्होंने सबसे पहले कलेक्ट्रेट परिसर में पौधा रोपकर स्वस्थ जीवन एवं समृद्ध पर्यावरण का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रतिदिन एक पौधा लगाने का संकल्प लिया है।

इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री श्री प्रहलाद पटेल, लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर, राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore – 452001 (M.P.)
Phone : (o) 0731-2970611, 2974363, 2971311, Fax No. : 0731-2972629, Website : invest.mp.gov.in
E-mail : ed.roind@mpidc.co.in, (Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (I) Ltd.)
CIN: U51102MP1977SGC001392

No. MPIDC/RO/IND/TECH/21/6095 **DATE : 25.05.2021**

NOTICE INVITING TENDER

Online tenders are invited on behalf of the Executive Director, MPIDC RO Indore, from registered contractors in any State/Central Government/any Government undertaking or reputed firms for below works :-

S. No.	Name of Work	EMD (in Rs.)	Cost of Tender Form	Last date of Submission
1.	Construction of BT Road, CC Road, RCC Drain & Sewer Network with manhole at I/a Smart Industrial Park, Pithampur.	368400/-	17700/- (i/c GST)	28.06.2021
2.	Misc. Civil/Electrical/Water Supply and Road Works at Various Industrial Areas of MPIDC RO Indore.	435000/-	17700/- (i/c GST)	28.06.2021
3.	Installation of water supply valves at Industrial area Smart Industrial Park, Pithampur	34300/-	2360/- (i/c GST)	14.06.2021

The Tenders would be made available on the e-portal **https://www.mpetenders.gov.in.** Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portal.

M.P. Madhyam/100798/45549/2021 **EXECUTIVE ENGINEER**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन, रीवा (म.प्र.)
मोबा. नं. : 9425601523/8871571988

प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत जिला सीधी, अनूपपुर एवं रीवा के विभिन्न कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02/2021-22 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER NO. 2021_MPPHC_143691_1, 2021_MPPHC_143695_1, 2021_MPPHC_143703_1 आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 05.06.2021 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/100784/45547/2021 **परियोजना यंत्री**

राज्य वन अनुसंधान संस्थान

कार्यालय संचालक, पॉलीपाथर, जबलपुर - 482008
दूरभाष नं. - 0761 2665540, 2666529
Email : sdfri@rediffmail.com, mpsfri@gmail.com

एस.बी. श्रेणी के वैज्ञानिकों की भर्ती हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि में परिवर्तन

वर्तमान में कोविड-19 महामारी के कारण कलेक्टर जबलपुर द्वारा लागू किये गये कोरोना कर्फ्यू एवं उसकी अवधि में दिनांक 01.06.2021 तक की गई वृद्धि एवं कोरोना द्वारा जनित कठिन परिस्थितियों को देखते हुये एस.बी. श्रेणी के वैज्ञानिकों के भर्ती हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि **दिनांक 30.06.2021 (सायं 05 बजे तक)** बढ़ाई जाती है।

म.प्र. माध्यम/100810/45550/2021 **संचालक**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF GOVT. OF MADHYA PRADESH)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal, M.P.-462011
No. 7444/22/V-12/MPRRDA/Acct./CA Consultant/FY 2021-22
Bhopal, Dated 25.05.2021

REQUEST FOR PROPOSAL

FOR APPOINTMENT OF TAX/ACCOUNTS COUNSULTANT FOR THE FINANCIAL YEAR 2021-22 ENDING 31st MARCH 2022.

The Madhya Pradesh Rural Road Development Authority, invites proposals from firms of Chartered Accountants empanelled with C&AG which meet all the conditions in the eligibility criteria listed below, for appointment as Tax/Accounts Consultant for providing consultation and other allied services for taxation, accounting and financial matters relating to MPRRDA headquarters office and its Project Implementation Units for the financial year 2021-22 as per the Terms of Reference provided in the RFP document.

Eligibility Criteria : The firm must (a) have 05 partners out of which 3 partner must be FCA and empanelled with C & AG for the Financial Year 2020-21 and applied for empanelment for the year 2021-22; (b) have an average turnover of Rs. 50 lakh per annum as per the last 3 years Audited Balance Sheet; (c) have carried out at least two consultancy contracts with any Central Government/State Government/Autonomous Body/ Ministries/Departments/PSU's in the last four financial years i.e. till 31.03.2021. (d) The firm have at least 6 (Six) years existence as per ICAI certificate (e) The firm must have its Head Office/Branch office at Bhopal (MP).

In evaluation of the proposals the Quality cum Cost Based System (QCBS) shall be followed.

Detailed RFP : Detailed Request for Proposal document (RFP) comprising Background, Terms of Reference (ToR) and Guidelines for submitting the proposal can be downloaded from the website **http://www.mprrda.com.**

Important Dates : i. Last date for submission of Proposals to MPRRDA 14.06.2021 up to 3.00 PM. ii. Date of opening of Technical proposals 14.06.2021 at 3.30 PM. iii. Date of opening of financial proposals will be intimated to technically eligible CA firm separately in due course.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/100795/45552/2021 **(FIN.)**

मध्यप्रदेश में अभियान के रूप में किया जाए कोरोना वैक्सीनेशन कार्य

भोपाल, वैक्सीन कोरोना के विरुद्ध सुरक्षा चक्र का कार्य करता है। प्रदेश में अभियान के रूप में वैक्सीनेशन का कार्य किया जाए। इस कार्य में ग्राम, शहर, कस्बों में कार्यरत क्राइसिस मैनेजमेंट समूह सहित समाज के सभी वर्गों का सहयोग लिया जाए। वैक्सीन अत्यधिक महत्वपूर्ण है, अतः ऐसे प्रयास किए जाएं कि वैक्सीन का एक भी डोज व्यर्थ न हो। अब ग्रामीण क्षेत्रों में वैक्सीन लगवाने के लिए पूर्व पंजीयन की आवश्यकता नहीं होगी। ग्रामीणजन वैक्सीनेशन केंद्र पर सीधे जाकर वैक्सीन लगवा सकेंगे। शहरी क्षेत्रों में सायं चार बजे के बाद शेष वैक्सीन बिना पूर्व पंजीयन के लगवाया जा सकेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा करते हुये कहीं।

प्रदेश में एक करोड़ से अधिक डोज लगे

प्रदेश में अभी तक 45 वर्ष से ऊपर आयु वाले तथा 18 वर्ष से ऊपर आयु वाले व्यक्तियों को कुल एक करोड़ से अधिक कोरोना वैक्सीन के डोज लगाए जा चुके हैं। इनमें 7 लाख 70 हजार 613 डोजेज हेल्थ वर्कर्स को, 7 लाख चार हजार 818 डोजेज फ्रंट लाइन वर्कर्स को, 37 लाख 03 हजार 698 डोजेज 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्तियों को, 39 लाख 46 हजार 793 डोजेज 45 से 60 वर्ष तक की उम्र के व्यक्तियों को तथा 9 लाख 56 हजार 663 डोजेज 18 से 24 वर्ष की उम्र के व्यक्तियों को लगाए गए हैं।

ऑफ लाइन डोज लगवाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आई.डी. आदि मान्य

बिना पूर्व पंजीयन के ऑफ लाइन कोरोना का वैक्सीन लगवाने के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता नहीं होगी। वोटर आई.डी. और ड्राइविंग लाइसेंस आदि भी मान्य होंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि युवाओं के वैक्सीनेशन में प्राथमिकता समूह भी बनाए जाएं। ऐसे लोगों को पहले वैक्सीन लगाया जाए, जो अधिक लोगों के संपर्क में आते हैं। इनमें हाथ ठेले वाले, फेरी वाले आदि को शामिल किया जा सकता है। छोटे बच्चों के माता-पिता को भी प्राथमिकता समूह में रखा जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कोरोना के सुरक्षा चक्र के रूप में वैक्सीन के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा वैक्सीन के संबंध में भ्रान्तियों को दूर किया जाए।

विभिन्न वैक्सीन की स्थिति

प्रदेश को अभी कोवैक्सीन एवं कोविशील्ड वैक्सीन प्राप्त हो रहे हैं। इनके अलावा राज्य सरकार स्पूतनिक (डॉ. रैड्डीज लैब) वैक्सीन प्राप्त करने के प्रयास कर रही है। जॉनसन एण्ड जॉनसन वैक्सीन, जिसका केवल एक डोज लगेगा भारत में बनेगी। फाइजर एवं मॉडर्ना वैक्सीन संबंधित कंपनियों द्वारा सीधे केंद्र सरकार को प्रदान की जाएगी। जाइडस कैडिला वैक्सीन, जिसके तीन डोज लगेंगे को अभी विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इमरजेंसी यूज़ ऑथराईजेशन नहीं दिया है।

कोरोना मुक्त गांव में लगेंगे बैनर – हमारा गांव कोरोना मुक्त

खरगोन, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हरदीपसिंह डंग ने खरगोन जिले में विकासखंड स्तर पर कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए गठित क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। बैठक में किल-कोरोना अभियान, कोरोना किट और वैक्सीनेशन पर भी विस्तृत चर्चा की गई। श्री डंग ने कहा कि जिन गांवों में कोरोना का संक्रमण समाप्त हो गया है, उन गांवों में बैनर लगाएं कि 'हमारा गांव कोरोना मुक्त' है। इसका प्रचार-प्रसार अच्छे तरीके से कराएं, जिससे अन्य गांवों में भी जागरूकता आएगी और वे भी कोरोना संक्रमण की रोकथाम करने के प्रयासों को गति देंगे। श्री डंग को खरगोन मेडिकल कॉलेज संघर्ष समिति द्वारा मेडिकल कॉलेज खोले जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। श्री डंग ने आश्वस्त किया गया कि वे अपनी ओर से खरगोन को यह महत्वपूर्ण सौगात मिले, इसके पूरे प्रयास करेंगे।

सतत् सम्पर्क में रहने वाले वर्कर्स का होगा प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण

भोपाल, राज्य शासन ने कोविड संक्रमण की चेन तोड़ने के लिये परिणाममूलक कार्यवाही के उद्देश्य से 18 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र के सभी नागरिकों को शत-प्रतिशत टीकाकरण के कार्य को समय-सीमा में सम्पादित करने के उद्देश्य से सुझाव प्रस्तुत करने के लिये मंत्री-समूह का गठन किया है। मंत्रालय में इस समूह की प्रथम वर्चुअल बैठक हुई।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर और पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल शामिल हुए।

श्री सारंग ने बताया कि मंत्री-समूह के सदस्यों से प्राप्त सुझावों पर अमल करने की रणनीति बनाई जायेगी। टीकाकरण के लिये लोगों को पूर्व सूचना मिल सके, ऐसे प्रयास किये जायेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक, वीडियो रथ, लघु फिल्म और सफलता की कहानी के माध्यम से लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने बताया कि लोगों के सम्पर्क में आने वाले वर्कर्स का प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण होगा। इसमें पेट्रोल पम्प वर्कर्स, फैक्ट्री वर्कर्स, स्ट्रीट वेण्डर्स, उचित मूल्य दुकान वाले और अन्य दुकानदारों का वैक्सीनेशन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में टीकाकरण के लिये फड़ मुंशी की विशेष भूमिका हो सकती है।

श्री सारंग ने बताया कि शहरी क्षेत्र में 18 प्लस के लोगों का अभी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से ही टीकाकरण होगा, जबकि 45 प्लस को सेंटर पर बिना रजिस्ट्रेशन के वैक्सीनेशन कराया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में ऑफलाइन ही टीकाकरण करवाना सुनिश्चित किया गया है। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जायेगा कि ग्राम पंचायत स्तर पर उसी क्षेत्र के हितग्राही को लाभ मिले। बैठक में यह सुझाव भी प्राप्त हुए, जिसमें दो-तीन गांव के बीच में एक स्थान चयनित कर जन-प्रतिनिधि की मौजूदगी में वैक्सीनेशन हो।

अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक दिवस 30 मई

दुनियाभर में 89 हजार से ज्यादा शांतिरक्षक निःस्वार्थ भाव से कर रहे हैं सेवा

संयुक्त राष्ट्र के पिछले 70 वर्षों से अधिक के इतिहास में दुनियाभर में शांति स्थापना के लिए विभिन्न शांतिरक्षक अभियानों (पीसकीपिंग मिशन) संचालित किए गए हैं। इन अभियानों में शांतिरक्षकों ने अहम भूमिका निभाते हुए सराहनीय कार्य किया है। शांतिरक्षक की पारंपरिक परिभाषा विभिन्न देशों के बीच संघर्षों पर नियंत्रण और समाधान में मदद के लिए संयुक्त राष्ट्र की कमान में बहुराष्ट्रीय सेना का इस्तेमाल करने की है। शांतिरक्षक कार्रवाई एक तटस्थ तीसरे पक्ष की भूमिका पूरी करती है। इससे युद्धविराम कराने और युद्धरत पक्षों के बीच तटस्थ क्षेत्र बनाने में सहायता मिलती है। इस तरह की गतिविधियां विभिन्न प्रकार की सेवाएं भी प्रदान करती हैं। जैसे चुनाव में सहायता, स्थानीय पुलिस बलों के लिए प्रशिक्षण, मानवीय कार्रवाई और घातक बारूदी सुरंगों को हटाने में मदद आदि। एक तरफ शांतिरक्षक जमीन पर व्यवस्था कायम रखते हैं तो वहीं दूसरी तरफ संयुक्त राष्ट्र के मध्यस्थ विवादों/पक्षों के नेताओं से मिलकर शांतिपूर्ण समाधान निकालने के प्रयास करते हैं।

शांतिरक्षक गतिविधियां दो प्रकार की होती हैं पहली प्रेक्षक मिशन और दूसरी शांतिरक्षक सेना। प्रेक्षक सशस्त्र नहीं होते, जबकि संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक सेना के सैनिकों के पास हल्के हथियार होते हैं, जिनका इस्तेमाल आत्मरक्षा में किया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र के प्रतीक चिन्ह और ड्यूटी के समय पहने जाने वाले नीले हेलमेट से शांतिरक्षकों की आसानी से पहचान हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षकों के प्रतीक बन चुके नीले हेलमेट सभी कार्रवाईयों में ले जाए जाते हैं और खतरे के समय पहने जाते हैं। शांतिरक्षक अपने देश की वर्दी पहनते हैं। संयुक्त राष्ट्र के झंडे के नीचे काम करने वाली 'अपने देश' की सेना पर उन्हीं सरकारों का नियंत्रण होता है जो स्वेच्छा से सेनाकर्मी भेजती हैं।

शांतिरक्षक दिवस

संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर वर्ष 29 मई को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांतिरक्षक दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य उन शांतिरक्षकों को श्रद्धांजलि देना है जिन्होंने अबतक विभिन्न शांतिरक्षक अभियानों में अपनी जान न्योछावर कर दी है। वर्ष 1948 से अब तक 4 हजार से ज्यादा शांतिरक्षकों की जान विभिन्न मिशन के दौरान जा चुकी है। 29 मई 1948 को सुरक्षा परिषद ने संयुक्त राष्ट्र ट्रूस सुपरविजन ऑर्गनाइजेशन (United Nations Truce Supervision Organization यानी UNTSO) का गठन किया था और यरुशलम में इसकी तैनाती की थी। इसी दिवस की याद में हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय शांतिरक्षक दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के पास कोई स्थायी अंतर्राष्ट्रीय पुलिस या सेना नहीं है। जो सेना संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक गतिविधियों में काम करती है उसे सदस्य देश स्वेच्छा से भेजते हैं। असैनिककर्मी अक्सर संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों में से लिए जाते हैं और इन गतिविधियों में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय शांतिरक्षक दिवस के अवसर पर इस बार कोविड महामारी के कारण वर्चुअल तरीके से डैग हैमरस्कजॉल्ड मेडल (Dag Hammarskjold medal) प्रदान किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र के मेडल्स की बात करें तो शांतिरक्षकों को डैग हैमरस्कजॉल्ड मेडल वर्ष 2000 से उन शांतिरक्षकों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने मिशन के दौरान जान गवां दीं। वहीं 2014 में कैप्टन म्बावे डियाग्ने मेडल (Captain Mbaye Diagne Medal) स्थापित किया गया था। यह मेडल उन शांतिरक्षकों प्रदान किया जाता है जो खतरनाक परिस्थिति में निर्भीकता और साहस का परिचय देते हैं। वहीं शांतिरक्षकों को यूएन मेडल (UN Medal) और मिशन स्पेसिफिक मेडल (Missions specific medals) भी प्रदान किये जाते हैं।

जेन्डर एडवोकेट ऑफ द ईयर सम्मान की शुरुआत 2016 से हुई है, पिछले साल लैंगिक समानता पर उत्कृष्ट कार्य के लिए भारतीय और ब्राजीलियाई महिला शांतिरक्षकों को वर्ष 2019 के लिए संयुक्त रूप से यूएन मिलिट्री जेन्डर एडवोकेट ऑफ द इयर अवॉर्ड से सम्मानित करने की घोषणा की गई थी। तब पहली बार यह पुरस्कार संयुक्त रूप से दिया गया था। भारत की सुमन गवानी को यह सम्मान दिया गया है।

इस वर्ष की थीम

यह दिवस हर वर्ष एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम The road to a lasting peace : Leveraging the power of youth for peace and security निर्धारित की गई है, इसका मतलब स्थायी या टिकाऊ शांति के लिए सुरक्षा और शांति के क्षेत्र में युवाओं का लाभ उठाना है। आज दुनियाभर में 12 शांतिरक्षक अभियान में 89 हजार से ज्यादा मिलिट्री, पुलिस और सिविलियन शांतिरक्षक निःस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसमें हजारों की तादात में युवा यानी 18 से 29 आयुवर्ग के शांतिरक्षक शामिल हैं।

कौन करता है शांतिरक्षक गतिविधियों का संचालन?

शांतिरक्षक गतिविधियों की स्थापना सुरक्षा परिषद करती है और निर्देशन अक्सर अपने विशेष प्रतिनिधि के माध्यम से महासचिव के हाथ में होता है। कोई भी संघर्ष पहली बार परिषद के सामने लाए जाने पर आमतौर पर वह संबद्ध पक्षों से आग्रह करती है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से किसी सहमति पर पहुंच जाएं। किन्तु यदि लड़ाई शुरू हो जाती है अथवा जारी रहती है तो परिषद युद्धविराम कराने की कोशिश करती है। युद्धविराम हो जाने पर परिषद गड़बड़ी वाले क्षेत्र में शांतिरक्षक मिशन भेज सकती है। अपने इतिहास के पहले 40 वर्ष (1945-1985) में संयुक्त राष्ट्र ने 13 शांतिरक्षक मिशन स्थापित किए उसके बाद से उनकी संख्या कई गुणा बढ़ गई है। 1948 से कुल 71 अभियान संचालित किये जा चुके हैं।

- वर्तमान में पीसकीपिंग मिशन से जुड़े कुल यूनिफॉर्म्ड कर्मियों की संख्या : 87,889 (सैनिक (ट्रूप्स) : 64,510 पुलिस : 7,135 एक्सपर्ट्स ऑन मिशन : 1,088 और स्टाफ ऑफिसर्स : 1,979)
- शांतिरक्षक अभियानों में वर्तमान में सहयोग करने वाले कुल देशों की संख्या : 122
- नागरिक कर्मियों की कुल संख्या : 11,956
- यूएन वॉलेंटियर्स की कुल संख्या : 1,221
- अब तक कुल 4 हजार 77 शांतिरक्षकों की जान गई है।

(आंकड़े 31 मार्च 2021 की स्थिति में।)

क्यों और कब शुरू की जाती हैं शांतिरक्षक गतिविधियां?

शांतिरक्षक गतिविधियां गंभीर सैन्य या मानवीय संकट के समय शुरू की जाती हैं। शांतिरक्षक गतिविधियां हाल में जिस तरह के माहौल में चलाई जा रही हैं उन्हें दुनिया में सबसे कठिन परिस्थितियों में गिना जा सकता है। ये अक्सर बेहद आक्रामक और अस्थिर क्षेत्र होते हैं, जहां किसी भी क्षण अकारण हिंसा भड़क सकती है। संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक मिशन वहां तैनात किए जाते हैं, जहां कोई और नहीं जा सकता या जाने का इच्छुक नहीं होता। इसलिए वे स्थिरता और अंततः शांति एवं विकास के लिए सेतु का काम करते हैं। अतीत में शांतिरक्षक युद्धरत देशों के बीच शांति रखने का काम करते थे। किन्तु आज अनेक देशों के भीतर युद्ध चल रहे हैं, इसलिए संघर्ष आंतरिक होते जा रहे हैं। नागरिक असंतोष और जातीय टकरावों के कारण कुछ सरकारें अपने ही क्षेत्र के बड़े हिस्सों पर शासन कायम नहीं रख पातीं जिससे लोगों को भीषण कष्ट होता है। ऐसी परिस्थितियों में संयुक्त राष्ट्र से दो काम करने को कहा जाता है। एक तरफ समाधान की बातचीत कराना और दूसरी तरफ संघर्ष से प्रभावित लोगों को आपात राहत प्रदान करना। कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए संयुक्त राष्ट्र मानवीय सहायता को संकट के समाधान के प्रयासों से जोड़ता है, ताकि लोग एक बार फिर भय मुक्त होकर जी सकें।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- 1948 में यूएन पीसकीपिंग फोर्स बनी, तभी से भारत इसमें अपना दस्ता भेज रहा है।
- 1960 में अपने शांति सैनिकों को कांगो भेजने वाले पहले देशों में से एक भारत था, तब कांगो में हिंसा शुरू हो गई थी।
- शांतिरक्षकों की वीरता, उनके अदम्य साहस और बलिदान के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर साल यूएन मेडल से सम्मानित किया जाता है।
- विशेष फीचर 'इंडिया एंड द यूएन सेलिब्रेटिंग 70 इयर्स ऑफ इनवैल्यूएबल सर्विस टू द कॉज ऑफ पीस' के अनुसार किसी भी अन्य सदस्य देश की तुलना में भारत ने सबसे ज्यादा शांतिरक्षक खोए हैं।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न - खेल

1. इस वर्ष पुरुषों की वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप किस शहर में आयोजित की जाएगी।
(अ) ताशकंद (उज्बेकिस्तान)
(ब) हैमबर्ग (जर्मनी)
(स) बेलग्रेड (सर्विया)
(द) शिकागो (अमेरिका)

2. रियो ओलिंपिक-2016 में गोल्फ में पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक किस खिलाड़ी ने जीता है।
(अ) मैट कुचर
(ब) जस्टिन रोस
(स) टाइगर वुड्स
(द) हेनरिक स्टेनसन

3. हालही में जारी वन-डे टीम रैंकिंग में कौन-सा देश पहले स्थान पर है।
(अ) भारत (ब) इंग्लैंड
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) न्यूजीलैंड

4. फ्रांस के फुटबॉलर राफेल वराने किस प्रोफेशनल क्लब के लिए खेलते है।
(अ) रियल मैड्रिड
(ब) बार्सिलोना
(स) मैनचेस्टर सिटी
(द) बायर्न म्यूनिख

5. वर्ष 2016 में किस खिलाड़ी को आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था।
(अ) रविचंद्रन अश्विन
(ब) बेन स्टोक्स
(स) मिशेल जॉनसन
(द) एंजेलो मैथ्यूज

6. नेशंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला संस्करण किस देश ने जीता है।
(अ) क्रोएशिया (ब) पुर्तगाल
(स) इटली (द) स्पेन

7. इस वर्ष वर्ल्ड स्नूकर चैम्पियनशिप का खिताब किस खिलाड़ी ने जीता है।
(अ) एंथोनी मैकगिल
(ब) रॉनी ओसुलिवान
(स) मार्क सेल्बी
(द) शॉन मर्फी

8. युसेन बोल्ट ने इनमें से किस ओलिंपिक में स्वर्ण पदक नहीं जीता है।
(अ) एथेंस 2004
(ब) बीजिंग 2008
(स) लंदन 2012
(द) रियो 2016

9. इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी ने किस भारतीय खिलाड़ी को विलीव इन स्पोर्ट्स अभियान का एंबेसडर बनाया है।
(अ) अभिनव बिंद्रा
(ब) पी.वी. सिंधु
(स) दीपा कर्माकर
(द) मैरी कॉम

10. इनमें से कौन-सा टूर्नामेंट हॉकी से संबंधित नहीं है।
(अ) औबेदुल्ला खां गोल्ड कप
(ब) मुरूगप्पा गोल्ड कप
(स) बेटन कप
(द) डुरंड कप

11. वर्ष 2023 में ऑस्ट्रेलिया के साथ कौन-सा देश फीफा वूमेन वर्ल्डकप का सह मेजबान होगा।
(अ) न्यूजीलैंड
(ब) पापुआ न्यू गिनी
(स) इंडोनेशिया
(द) इनमें से कोई नहीं

12. इस वर्ष सर्बिया ओपन में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने हैं।
(अ) नोवाक जोकोविच
(ब) असलान करात्सेव
(स) स्टेन वावरिंका
(द) माटेओ वेरेटनी

13. मार्कस रैशफोर्ड किस देश के लिए फुटबॉल खेलते हैं।
(अ) जर्मनी (ब) अर्जेंटीना
(स) इंग्लैंड (द) वेल्जियम

14. वर्ष 2020 में फीफा बेस्ट वूमेन प्लेयर ऑफ द ईयर चुनी गई हैं।
(अ) लुसी ब्रॉन्ज
(ब) वेंडी रेनार्ड
(स) क्रिस्टिन एंडलर
(द) पेरनिल हार्डर

15. इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान हैं।
(अ) इयॉन मॉर्गन (ब) जो रूट
(स) स्टुअर्ट ब्रॉड (द) बेन स्टोक्स

16. रियो ओलिंपिक में माउंटेन बाइकिंग में पुरुष स्पर्धा का स्वर्ण पदक किसने जीता है।
(अ) जेरोस्लाव कुल्हैवी
(ब) जेसन केनी
(स) निनो सर्कटर
(द) जुलियन एवसालोन

17. वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप की शुरुआत किस वर्ष में हुई थी।
(अ) वर्ष 1972 (ब) वर्ष 1977
(स) वर्ष 1980 (द) वर्ष 1987

18. वर्ष 2020 में किस टीम ने विग बैश महिला लीग का खिताब जीता है।
(अ) सिडनी थंडर्स
(ब) सिडनी सिक्सर्स
(स) मेलबर्न स्टार्स
(द) एडिलेड स्ट्राइकर्स

19. इनमें से किस खिलाड़ी ने प्रोफेशनल बॉक्सिंग में विजेंदर सिंह का हराया है।
(अ) अर्नेस्ट अमुजू
(ब) माइक स्नाइडर
(स) फ्रांसिस चेका
(द) आर्तिश लोपसन

20. इस वर्ष दुबई टेनिस चैम्पियनशिप में महिला एकल वर्ग की विजेता बनी हैं।
(अ) इगा स्वितेक
(ब) पेत्रा क्वितोवा
(स) विक्टोरिया अजारेंका
(द) गर्बाइन मुगुरूजा

21. वर्ष 2002 में एशियन गेम्स किस शहर में आयोजित किए गए थे।
(अ) दोहा (कतर)
(ब) बुसान (दक्षिण कोरिया)
(स) हिरोशिमा (जापान)
(द) बैंकॉक (थाइलैंड)

22. वर्ष 2020 में इनमें से किसने एटीपी फाइनल्स खिताब जीता है।
(अ) डेनिल मेदवेदेव
(ब) डेविड गॉफिन
(स) डोमिनिक थिएम
(द) स्टेफानोस सितसिपास

23. रियो ओलिंपिक में शॉट पुट स्पर्धा में पुरुष वर्ग के चैम्पियन हैं।
(अ) क्रिस्टियन टेलर
(ब) थॉमस वाल्श
(स) रेयान क्रूजर
(द) एश्टन इटॉन

24. राट्मंडल खेल-2018 में महिला बैडमिंटन एकल वर्ग का स्वर्ण पदक किसने जीता है।
(अ) क्रिस्टी गिलमोर
(ब) पी.वी. सिंधु
(स) केरोलिना मारिन
(द) साइना नेहवाल

25. फीफा वर्ल्डकप-2018 में किस देश को फेयर प्ले अवॉर्ड मिला है।
(अ) स्पेन (ब) चेक रिपब्लिक
(स) रूस (द) नीदरलैंड

उत्तर

1. (स), 2. (ब), 3. (द), 4. (अ), 5. (अ), 6. (ब), 7. (स), 8. (अ), 9. (ब), 10. (द), 11. (अ), 12. (द), 13. (स), 14. (अ), 15. (ब), 16. (स), 17. (ब), 18. (अ), 19. (द), 20. (द), 21. (ब), 22. (अ), 23. (स), 24. (द), 25. (अ)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

दास बने महिला क्रिकेट टीम के बल्लेबाजी कोच

मुंबई, वीसीसीआई ने पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिवसुंदर दास को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। बल्लेबाजी कोच बनाए जाने के बाद शिवसुंदर दास ने कहा कि एनसीए के साथ कोचिंग के दौरान मिले अनुभव का उन्हें फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैं पांच साल एनसीए में रहा और कुछ समय वहां बल्लेबाजी कोच रहा हूं। महिला टीम के बल्लेबाजों को इंग्लैंड की पिचों के हिसाब से तकनीकी रूप से मजबूत बनाना मेरा काम होगा। उल्लेखनीय है कि शिवसुंदर दास ने भारत के लिए 23 टेस्ट मैचों में 2 शतक और 9 अर्धशतक सहित 1326 रन बनाए हैं। इसके अलावा उन्होंने 4 वन-डे अंतर्राष्ट्रीय मैच भी खेले हैं।

नरेन्द्र बत्रा दूसरी बार बने एफआईएच अध्यक्ष

नई दिल्ली, भारतीय ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र बत्रा दूसरी बार अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के अध्यक्ष बन गए हैं। एफआईएच की गवर्निंग बॉडी की वर्चुअल बैठक में ऑनलाइन वोटिंग प्रक्रिया के जरिए नरेन्द्र बत्रा को अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष पद की दौड़ में नरेन्द्र बत्रा ने बेल्जियम हॉकी फेडरेशन के प्रमुख मार्क कोउड्रोन को महज 2 वोट के अंतर से हराया। वोटिंग के दौरान नरेन्द्र बत्रा के पक्ष में 63 वोट पड़े वहीं मार्क कोउड्रोन को 61 वोट मिले। बत्रा का कार्यकाल वर्ष 2024 तक रहेगा।

मिकेलसन बने सबसे उम्रदराज गोल्फ चैंपियन

न्यूयॉर्क, अमेरिका के अनुभवी गोल्फर फिल मिकेलसन ने पीजीए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया है। 50 वर्षीय मिकेलसन पीजीए चैंपियनशिप जीतने वाले सबसे उम्रदराज गोल्फर बन गये हैं। यह मिकेलसन ने गोल्फ कॅरियर का छठवां प्रमुख खिताब है। मिकेलसन से पहले सबसे उम्रदराज पीजीए चैंपियन बनने का रिकॉर्ड जूलियस बोरोस के नाम दर्ज था। बोरोस ने वर्ष 1968 में सैन एंटिनियो में पीजीए चैंपियनशिप का खिताब जीता था।

कोको गॉफ ने जीता एमिलिया रोमागना ओपन

रोमागना, अमेरिका की युवा महिला टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने एमिलिया रोमागना ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। गॉफ ने टूर्नामेंट के फाइनल में चीन की वांग कियांग को सीधे सेटों में 6-1, 6-3 से हराया। यह गॉफ के टेनिस कॅरियर का दूसरा खिताब है। इस टूर्नामेंट में गॉफ ने महिला युगल वर्ग का खिताब भी जीता है। गॉफ और कैरी मैकनैली की जोड़ी ने दारिजा जुरैक और आंद्रेजा क्लेपेक की जोड़ी को हराया।

केस्पर रूड ने जीता जिनेवा ओपन का खिताब

जिनेवा, नॉर्वे के युवा टेनिस खिलाड़ी केस्पर रूड ने जिनेवा ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में रूड ने कनाडा के डेनिस शापोवालोव को 7-6 (8-6), 6-4 से हराया। मैच का पहला सेट बेहद रोमांचक रहा। पहले सेट का स्कोर 6-6 से बराबर रहने के बाद सेट का फैसला टाइब्रेकर में हुआ। रूड ने टाइब्रेकर में 8-6 से जीत दर्ज की। इसके बाद दूसरे सेट में भी रूड ने अपनी बढ़त को बरकरार रखा।

ला लीगा

एटलेटिको मैड्रिड ने सात वर्ष बाद जीता खिताब

मैड्रिड, एटलेटिको मैड्रिड ने शानदार प्रदर्शन करते हुये स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा का खिताब अपने नाम किया है। एटलेटिको ने वेलाडोलिड क्लब को 2-1 हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। एटलेटिको मैड्रिड ने पिछले सात वर्षों में पहली बार यह खिताब जीता है।

दोनों टीमों के बीच मुकाबला शुरुआत से ही रोमांचक रहा। मैच की शुरुआत में वेलाडोलिड के स्ट्राइकरों ने एटलेटिकों के डिफेंडरों पर जबरदस्त दबाव बनाया। मैच के 18वें मिनट में वेलाडोलिड के ऑस्कर प्लानो को गोल करने का मौका मिला। प्लानो ने इस अवसर पर लाभ उठाते हुये शानदार मैदानी गोल किया और वेलाडोलिड को बढ़त दिलाई। वेलाडोलिड ने पहले हाफ की समाप्ति तक अपनी बढ़त बरकरार रखी।

दूसरे हाफ में एटलेटिको मैड्रिड की टीम आक्रामक रूप में नजर आई। मैच के 57वें मिनट में एटलेटिको के एंजेल कोरिया ने बराबरी का गोल दाग कर मैच में एटलेटिको की वापसी कराई। इस गोल ने एटलेटिको के खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार किया। इसके बाद एटलेटिको की टीम ने वेलाडोलिड पर जबरदस्त दबाव बनाया। मैच के 67वें मिनट में एटलेटिको के स्टार स्ट्राइकर लुईस सुआरेज ने गोल कर एटलेटिको की जीत पक्की कर दी।

- ला लीगा की अंक तालिका में एटलेटिका मैड्रिड 38 मैचों में 86 अंक के साथ पहले स्थान पर रहा।
- लीग में रियल मैड्रिड की टीम 84 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही।
- रियल मैड्रिड ने पिछले सत्र में ला लीगा का खिताब जीता था।
- रियल मैड्रिड 34 बार तथा एटलेटिको मैड्रिड 11 बार जीत चुका है ला लीगा खिताब।
- बार्सिलोना 26 बार बना है ला लीगा चैंपियन।

रियल मैड्रिड खिताब से चूका

इस सत्र में ला लीगा खिताब की दौड़ में एटलेटिको मैड्रिड और रियल मैड्रिड सबसे आगे थे। एटलेटिको मैड्रिड को खिताब जीतने के महज एक जीत की दरकार थी, वहीं रियल मैड्रिड को विलारियाल के खिलाफ जीत तथा एटलेटिको-वेलाडोलिड के मैच में एटलेटिको की हार की जरूरत थी। रियल मैड्रिड ने विलारियाल को 2-1 से तो हरा दिया, लेकिन एटलेटिका की जीत ने उसे खिताब से दूर कर दिया और दूसरे स्थान पर धकेल दिया।

भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट मैच में दर्शकों को मिलेगी एंट्री

साउथैम्प्टन, भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल मैच में दर्शकों को स्टेडियम में एंट्री मिलेगी। इंग्लैंड के काउंटी क्लब हैम्पशायर के प्रमुख रॉड ब्रांस ग्रोव ने कहा कि इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल मैच में 4 हजार दर्शकों को अनुमति दे रहे हैं। इनमें से 50 प्रतिशत दर्शक आईसीसी के प्रायोजक और अन्य हितधारक होंगे, जबकि 2 हजार टिकट हम बेचेंगे।

जूनियर खिलाड़ियों का होगा पांच लाख रुपये का बीमा

नई दिल्ली, केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के कारण खिलाड़ियों के लिए मेडिकल इंश्योरेंस का दायरा बढ़ाया है। सरकार ने मेडिकल इंश्योरेंस में खिलाड़ियों, कोच और सपोर्ट स्टाफ की संख्या में भी बढ़ोत्तरी की है। केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस फैसले से 13 हजार से अधिक खिलाड़ियों, कोच और सपोर्ट स्टाफ को फायदा मिलेगा उन्होंने कहा कि पहले सिर्फ राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने वाले खिलाड़ियों तथा राष्ट्रीय कैंप के खिलाड़ियों और कोचों को ही बीमा कवर मिलता था, लेकिन अब राष्ट्रीय कैंप के संभावित खिलाड़ी, खेलो इंडिया के खिलाड़ी और साई एक्सीलेंस सेंटर के कैंप में शामिल जूनियर खिलाड़ियों को भी 5-5 लाख रुपये का बीमा कवर मिलेगा।

बीसीसीआई ने महिला क्रिकेटरों के लिये जारी किया सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने महिला क्रिकेटरों के लिये सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा की है। बीसीसीआई ने नये कॉन्ट्रैक्ट में अनुबंधित खिलाड़ियों की संख्या को 22 से घटाकर 19 कर दी है।

बीसीसीआई द्वारा बताया गया है कि महिला खिलाड़ियों को तीन ग्रेड- ए, बी और सी में रखा गया है। ग्रेड-ए में शामिल खिलाड़ियों को 50 लाख रुपये वार्षिक, ग्रेड-बी में शामिल खिलाड़ियों को 30 लाख रुपये वार्षिक और ग्रेड-सी में शामिल खिलाड़ियों को 10 लाख रुपये वार्षिक मिलेंगे।

ग्रेड-ए में तीनों फॉर्मेट में भारतीय टीम में खेलने वाली महिला खिलाड़ियों को रखा गया है। इस ग्रेड में तीन खिलाड़ी हैं, इनमें हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और पूनम यादव शामिल है। भारतीय महिला क्रिकेट की प्रमुख खिलाड़ी मिताली राज ग्रेड-ए में जगह नहीं बना सकीं, लेकिन उन्हें ग्रेड-बी में शामिल किया गया है। ग्रेड-बी में मिताली सहित कुल 10 खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें झूलन गोस्वामी, दीप्ति शर्मा, पूनम राउत, राजेश्वरी गायकवाड़, शेफाली वर्मा, राधा यादव, शिखा पांडे, तानिया भाटिया और जेमिमाह रोड्रिग्ज शामिल हैं।

बीसीसीआई ने ग्रेड-सी में छह खिलाड़ियों को जगह दी है। इनमें मानसी जोशी, अरुंधति रेड्डी, पूजा वस्त्रकार, हरलीन देओल, प्रिया पुनिया और ऋचा घोष शामिल है। बीसीसीआई ने बताया कि यह सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट अक्टूबर 2020 से सितम्बर 2021 तक प्रभावी है। पिछले बार कॉन्ट्रैक्ट में शामिल वेदा कृष्णमूर्ति, एकता बिष्ट, डी हेमलता और अनुजा पाटिल इस बार सूची में जगह नहीं बना पाई। युवा बल्लेबाज ऋचा घोष को पहली बार सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया गया है, वहीं शेफाली वर्मा और पूनम राउत को ग्रेड-सी से ग्रेड-बी में पदोन्नत किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम जून महीने में इंग्लैंड में टेस्ट मैच खेलने वाली है।

खेलो इंडिया सेंटर के लिए मध्यप्रदेश के चार जिलों को राशि मंजूर

भोपाल, भारत सरकार के युवा कार्यक्रम, खेल मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा मध्यप्रदेश को चार जिलों में खेलो इंडिया सेंटर बनाने के लिए 40 लाख रुपयों की मंजूरी प्रदान की गई है। दतिया में रोईंग, मुरैना में एथलेटिक्स, सागर में हॉकी एवं देवास में बैडमिंटन के सेंटर स्थापित किए जायेंगे। खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने इस संबंध में केंद्र सरकार के स्तर पर पहल की थी। श्रीमती सिंधिया प्रदेश में नये खेलो इंडिया सेंटर की मंजूरी के लिये केन्द्रीय खेल मंत्री और केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया है। पूर्व में प्रदेश के छह जिलों में खेलो इंडिया सेंटर की स्वीकृति केंद्र सरकार द्वारा दी जा चुकी है। इनमें सिवनी, मंदसौर, बैतूल, दमोह होशंगाबाद और शिवपुरी में एक-एक हॉकी का खेलो इंडिया सेंटर शामिल है।

खेलो इंडिया भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। योजना में जमीनी स्तर पर खेल अधोसंरचना की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 1000 खेलो इंडिया स्माल सेन्टर स्थापित किए जाने हैं। इस योजना को विकसित करने का निर्णय जून, 2020 में लिया गया था। देश में खेलो इंडिया स्माल सेंटर की संख्या 360 हो गई है। भारत सरकार द्वारा प्रत्येक खेलो इंडिया सेंटर के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। इसमें प्रशिक्षकों का मानदेय, उपकरण खरीदी, खेल किट और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन शामिल होगा। जमीनी स्तर पर खेल अधोसंरचना की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खेलो इंडिया सेंटर प्रारंभ किए जा रहे हैं।

रियो ओलिंपियन श्री अंकित शर्मा ने कहा कि खेलो इंडिया योजना से निश्चित ही प्रदेश के अधिकतम खिलाड़ी लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि मैं चंबल संभाग से हूं जहां पूर्व में कम खेल सुविधाएं थीं परंतु प्रदेश की खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया के प्रयासों से खेलों के विकास में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए, जिससे संभाग में खेलों को बढ़ावा मिला।

कोपा इटेलियन कप

एटलांटा को हराकर जुवेंटस ने जीता खिताब

रोम, इटली के लोकप्रिय क्लब जुवेंटस ने कोपा इटेलियन कप का खिताब अपने नाम किया है। लगभग एक साल बाद दर्शकों की मौजूदगी में खेले गये फाइनल मैच में जुवेंटस ने एटलांटा को 2-1 से हराया।

मैच के शुरुआती पलों में एटलांटा की टीम जुवेंटस पर भारी नजर आई। एटलांटा ने शुरुआत से ही गोल करने के कई अवसर बनाये, लेकिन गोल करने में सफलता जुवेंटस के हाथ लगी। मैच के 31वें मिनट में वेस्टन मैकेनी ने गोल करने का अवसर बनाया और देजन कुलुसेवस्की को क्रॉस पास दिया, जिसे कुलुसेवस्की ने गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। इसके कुछ मिनट बाद एटलांटा के हंस हाटेबोएट ने गोल करने का प्रयास किया जिसे जुवेंटस के अनुभवी गोलकीपर जियानलुगुई बुफोन ने असफल कर दिया। हालांकि मैच के 41वें मिनट में एटलांटा के हाथ सफलता लगी। एटलांटा के रूसलान मालिनोवस्की ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। मैच का पहला हाफ इसी स्कोर पर खत्म हुआ।

मैच के दूसरे हाफ में जुवेंटस ने जबरदस्त खेल दिखाया। जुवेंटस के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मैच में ज्यादातर समय गेंद पर नियंत्रण बनाये रखा। मैच के 73वें मिनट में रोनाल्डो ने बेहतरीन बैकहील फ्लिक से फेडेरिको चिएसा को पास दिया। चिएसा ने एटलांटा के गोलकीपर पियरलुइगी गोलिनी को चकमा देकर शानदार गोल स्कोर 2-1 कर दिया। जुवेंटस ने यह बढ़त अंत तक कायम रखी।

- जुवेंटस ने सर्वाधिक 14 बार जीता है कोपा इलेटियन कप।
- एटलांटा एक बार (वर्ष 1963) में बना है चैंपियन।

मोनाको ग्रांप्री में वर्स्टापेन बने चैंपियन

मोनाको, नीदरलैंड्स के कार रेसर मैक्स वर्स्टापेन ने मोनाको ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस का खिताब अपने नाम किया है। वर्स्टापेन ने 78 लैप की रेस को एक घंटा 38 मिनट 56.820 सेकेंड में पूरी की। रेस में पोल पोजिशन हासिल करने वाले चार्ल्स लेकलर्क तकनीकी समस्या के कारण रेस शुरू नहीं कर सके। दूसरे स्थान से शुरुआत करने वाले वर्स्टापेन ने इसका फायदा उठाते हुये शुरुआत से ही रेस में आगे रहे। रेस में कार्लोस सेंज दूसरे, लेंडो नॉरिस तीसरे, सर्जियो पेरेज चौथे और सबेस्टियन वेटल पांचवें स्थान पर रहे। रेस में मौजूदा विश्व चैंपियन लुईस हैमिल्टन सातवें स्थान पर रहे। इस जीत के साथ वर्स्टापेन ने 25 अंक अर्जित किये। वर्स्टापेन इस वर्ष ड्राइवर चैंपियनशिप में 105 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर आ गये हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

सामयिकी

■ नौसेना का विध्वंसक ■

आईएनएस राजपूत 41 साल बाद रिटायर

भारतीय नौसेना के पहले विध्वंसक आईएनएस राजपूत को 41 साल की सेवा के बाद रिटायर कर दिया गया। कोरोना के चलते आईएनएस राजपूत के रिटायर होने पर विशाखापट्टनम के नेवल डॉकयार्ड में एक छोटा समारोह रखा गया था।

बता दें कि तत्कालीन यूएसएसआर की ओर से बनाए गए काशीन-श्रेणी के प्रमुख जहाज को 4 मई, 1980 को कमीशन किया गया था। देश को सुरक्षित रखने के लिए इस जहाज ने कई महत्वपूर्ण अभियानों में हिस्सा लिया।

संघर्ष-विराम

इजरायल-हमास के बीच थमी लड़ाई

युद्ध का मैदान बने गाजा पट्टी में 11 दिनों बाद इजरायल और आतंकी संगठन हमास के बीच लड़ाई थम गई। अमेरिका, मिस्र और अन्य देशों के दबाव के चलते दोनों पक्ष संघर्ष विराम को सहमत हो गए। यह संघर्ष विराम प्रभावी हो गया। इस कदम का संयुक्त राष्ट्र (यूएन) प्रमुख एंतोनियो गुतेरस के अलावा रूस और अन्य देशों ने स्वागत किया है। वर्ष 2014 के गाजा युद्ध के बाद इजरायल और हमास के बीच यह सबसे भीषण संघर्ष बताया जा रहा है।

गत 10 मई से छिड़े इस संघर्ष में ढाई सौ से ज्यादा लोगों की मौत हुई। संघर्ष विराम की खबर मिलने पर हमास के शासन वाले गाजा पट्टी में लोगों ने सड़कों पर उतरकर अपनी खुशी का इजहार किया।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के दफ्तर ने एक बयान में कहा कि बिना किसी शर्त संघर्ष विराम को सहमति दी

गई है। 11 दिन चले संघर्ष में इजरायल और हमास दोनों ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया है। साथ ही दोनों ने यह भी कहा कि संघर्ष विराम का उल्लंघन होने पर जवाबी कार्रवाई को तैयार हैं।

मिस्र ने की मध्यस्थता

संघर्ष विराम कराने में मिस्र ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने इस मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी अहम भूमिका से युद्ध रोकने में सफलता मिली।

इजराइल ने किया शांति का समर्थन

इजराइल के तेल अवीव में हजारों लोग फिलिस्तीन के साथ शांति का समर्थन करने के लिए एकत्रित हुए। एक मानवाधिकार संगठन ने इसकी जानकारी दी। रैली मानवाधिकार संगठन शैलोम अच्शेव (पीस नाउ) ने आयोजित की। यह संगठन फिलिस्तीन-इजराइल संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करता है। संगठन ने ट्विटर पर लिखा कि तेल अवीव में हजारों लोगों ने समानता, शांति और फिलिस्तीनी-यहूदी साझेदारी का समर्थन किया। इजराइली मीडिया ने रिपोर्ट में बताया कि मध्य तेल अवीव में हबीमा थियेटर के सामने हजारों लोग इकट्ठा हुए। जिन लोगों ने एकत्रित लोगों को संबोधित किया, उनमें लेखक डेविड ग्रॉसमैन व इजराइल के वामपंथी, अरब दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले नेता शामिल थे। इस दौरान लोगों ने फिलिस्तीन के साथ शांति समझौते का आह्वान किया।

ईरान ने

परमाणु स्थलों की तस्वीरें लेने पर लगाई रोक

अमेरिका एवं अन्य पश्चिम देशों के साथ ईरान का तनाव और बढ़ सकता है। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोम्मद कलीबाफ ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय निरीक्षक देश परमाणु स्थलों की तस्वीरें अब हासिल नहीं कर पाएंगे।

कलीबाफ के इस बयान से विश्व शक्तियों के साथ तेहरान के परमाणु समझौते को बचाने विएना में किए जा रहे कूटनीतिक प्रयासों के बीच तनाव बढ़ सकता है। ईरानी संसद के अध्यक्ष कलीबाफ की टिप्पणियों का ईरान के सरकारी टेलीविजन ने प्रसारण किया। इससे अमेरिका तथा अन्य देशों के साथ ईरान के समझौते की राह जटिल होती दिख रही है। यह इस्लामी देश पहले ही उस स्तर से अधिक यूरेनियम का संवर्धन तथा

भंडार कर रहा है, जिसकी अनुमति उसे 2015 के परमाणु समझौते में मिली थी। ईरानी संसद के अध्यक्ष कलीबाफ ने कहा कि तीन महीने की समय सीमा खत्म होने पर अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के पास 22 मई से तस्वीरें हासिल करने का अधिकार नहीं होगा। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा था कि उसके महानिदेशक विएना में पत्रकारों को संबोधित करेंगे। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने इस पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है।

चीन ने माउंट एवरेस्ट पर रद्द की चढ़ाई

चीन ने बाहर से आ रहे कोविड-19 मामलों की आशंका के बीच माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की सभी गतिविधियों को रद्द करने का फैसला किया है।

हिमालयन अभियान के अनुसार, इस चढ़ाई के मौसम में उत्तर की ओर एकमात्र अभियान आयोजक, पर्वतारोही पिछले कुछ दिनों से टिंगरी में आराम कर रहे हैं।

ज्ञात रहे कि कोविड महामारी के बीच रिकॉर्ड-उच्च 408 चढ़ाई परमिट जारी करने वाले नेपाली पक्ष ने 7 मई को इस सीजन का पहला सफल शिखर सम्मेलन देखा था।

कड़े कदम से 30 हजार की जान बचाई : मॉरिसन

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने ऑस्ट्रेलियाई लोगों की जान खतरे में ना डालने का संकल्प लेते हुए कहा कि उनकी सरकार द्वारा कड़े कदम उठाए जाने से कोविड-19 से करीब 30 हजार लोगों की जान बचाई गई।

क्वीन्सलैंड में एक संवाददाता सम्मेलन में मॉरिसन ने वायरस के नए स्वरूप को एक बड़ा खतरा भी बताया। उन्होंने कहा कि विश्वभर में लगाए जा रहे टीके शायद वायरस के नए स्वरूप से निपटने के लिए कारगर नहीं है।

हालांकि उन्होंने आश्वासन दिया कि वह वर्तमान में उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सलाह के आधार पर ही

निर्णय ले रहे हैं। वैश्विक महामारी का प्रकोप जारी है। वह अपना स्वरूप बदल रहा है।

इस साल जब आप विकासशील देशों में वैश्विक महामारी का कहर देखते हैं, तो इसके साथ उसके एक नए स्वरूप, एक नए प्रकार का खतरा और बढ़ जाता है।

अंटार्कटिका से दुनिया का सबसे बड़ा आइसबर्ग टूटा

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) ने कहा है कि अंटार्कटिका के वेडेल सागर में रोने आइस शेल्फ के पश्चिमी हिस्से में दुनिया का सबसे बड़ा आइसबर्ग (हिमखंड) टूटकर अलग हो गया है। यह बहता हुआ विशालकाय हिमखंड अब कौतूहल का कारण बना हुआ है।

यह हिमखंड 170 किलोमीटर लंबा और करीब 25 किलोमीटर चौड़ा है। इसका पता कापरनिकस सेंटीनल सैटेलाइट ने लगाया है। यह हिमखंड टूटने के बाद अब वेडेल समुद्र में स्वतंत्र होकर तैर रहा है। इस महाकाय हिमखंड का पूरा आकार 4320 किलोमीटर है। वैज्ञानिकों ने इसे ए-76 नाम दिया है। ब्रिटेन के अंटार्कटिक सर्वे दल ने सबसे



पहले इस विशालकाय हिमखंड के टूटने के बारे में जानकारी साझा की थी।

वैज्ञानिकों के मुताबिक दुनिया के इस सबसे बड़े हिमखंड के टूटने से सीधे तौर पर समुद्री जलस्तर में बढ़ोतरी होने की संभावना नहीं है। क्योंकि यह एक तैरते हुए बर्फ के शेल्फ का हिस्सा था, ठीक उसी तरह जैसे बर्फ के पिघलने से गिलास में पेय का स्तर नहीं बढ़ता है।

गूगल इस साल अमेरिका में पहला रिटेल स्टोर खोलेगा

गूगल ने न्यूयॉर्क में अपना पहला फिजिकल रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है, जहां ग्राहक इसके हार्डवेयर और सेवाओं का मददगार तरीके से अनुभव कर सकते हैं। एप्पल स्टोर की तरह ही चेल्सी में गूगल स्टोर 2021 की गर्मियों में लोगों के लिए अपने दरवाजे खोलेगा। गूगल स्टोर पर, ग्राहक गूगल द्वारा बनाए गए उत्पादों के विस्तृत चयन को ब्राउज करने और खरीदने में सक्षम होंगे, जिसमें पिक्सल फोन से लेकर नेस्ट उत्पाद, फिटबिट डिवाइस से लेकर पिक्सलबुक्स और बहुत कुछ शामिल हैं।

पूरे स्टोर में आगंतुक यह अनुभव कर सकेंगे कि उत्पाद और सेवाएं हर तरीके के इमर्सिव तरीकों से एक साथ कैसे काम करते हैं।

कांगो में

ज्वालामुखी फटने पर भारतीय सेना ने बचाया

कांगो के गोमा शहर के नजदीक स्थित ज्वालामुखी माउंट नीरागोंगो फट गया, जिससे आसमान लाल रंग का हो गया और लावा सड़कों पर आ गया। ज्वालामुखी फटने से शहर के लोग दहशत में आ गए।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि गोमा को एक अन्य प्रांत से जोड़ने वाले एक राजमार्ग पर लावा पड़ा है। अभी यह साफ नहीं हो सका है कि ज्वालामुखी फटने से कितने लोगों की जान गई है। अधिकारियों ने ज्वालामुखी फटने की आशंका के मद्देनजर क्षेत्र से निकलने का कोई आदेश नहीं दिया था। यह ज्वालामुखी पिछली बार वर्ष 2002 में फटा था, तब यहां सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी और लावा हवाई अड्डे के सभी रनवे पर पहुंच गया था। संयुक्त राष्ट्र के

शांति रक्षा मिशन की ओर से ज्वालामुखी फटने के बाद शहर की तस्वीर ट्वीट की गई। उसने कहा कि वह अपने विमानों के जरिए क्षेत्र पर नजर रख रहा है। कांगो में संयुक्त राष्ट्र मिशन के हिस्से के रूप में भारतीय सेना की टुकड़ी ने ज्वालामुखी प्रभावित गोमा टाउन में नागरिकों और संयुक्त राष्ट्र के अन्य कर्मियों को आसानी से निकाला और सुरक्षा प्रदान की।

बाइडेन ने किया संघर्ष विराम का समर्थन

इजराइल और फिलिस्तीन के बीच युद्ध के आठवें दिन अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत के दौरान संघर्ष विराम का समर्थन किया। व्हाइट हाउस ने इस बारे में बताया। बाइडेन का यह कदम इस बात का संकेत है कि अमेरिका चाहता है कि हमास के साथ इजराइल की शत्रुता खत्म हो। डेमोक्रेट और अन्य सदस्यों द्वारा इजराइल और गाजा के हमास शासकों के बीच तत्काल संघर्ष विराम की बढ़ती मांग के बीच बाइडेन प्रशासन ने इस मुद्दे से दूरी बना ली। इजराइल और फिलिस्तीन के बीच लड़ाई दूसरे हफ्ते में पहुंच गयी है, जिसमें 200 से अधिक लोग मारे गये हैं। इनमें से अधिकतर गाजा में फिलिस्तीनी नागरिक हैं। अमेरिका, इजराइल का शीर्ष सहयोगी देश है। इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के जोर पकड़ने

और आम नागरिकों की मौत पर गंभीर चिंता जताते हुए 15 देशों वाले संयुक्त सुरक्षा परिषद के सर्वसम्मत बयान को अमेरिका ने तीसरी बार रोक दिया।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि अमेरिका इसके बजाय शांति, गहन कूटनीति पर ध्यान दे रहा है। हालांकि इजराइल-फिलिस्तीन विवाद में अन्य देशों की अपील का अब तक कोई असर दिखता प्रतीत नहीं हो रहा है। नॉर्डिक देशों की यात्रा पर गए अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने डेनमार्क की राजधानी कोपेनगेहन में कहा कि शांत अमेरिका ने गाजा पट्टी और इजराइल में शत्रुता कम करने के लिए प्रयास किया है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने सुरक्षा परिषद की आपात उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि अमेरिका इस लड़ाई को रोकने के लिए कूटनीतिक माध्यमों से अथक प्रयास कर रहा है।

हालांकि अमेरिका ने सुरक्षा परिषद द्वारा बयान जारी करने और विवाद खत्म करने के संबंध में चीन, नॉर्वे और ट्यूनीशिया के कदम पर रोक लगा दी है। संकट को कम करने के लिए ब्लिंकन ने उप सहायक हैदी आमर को इजराइल भेजा है, जिन्होंने अधिकारियों से मुलाकात की। हालांकि ब्लिंकन ने अपने मौजूदा दौरे में पश्चिम एशिया जाने की योजना के बारे में कोई घोषणा नहीं की है।

इजराइल के समर्थन में भारतीय-अमेरिकियों ने रैलियां कीं

हमास के साथ इजराइल के मौजूदा संघर्ष के दौरान शिकागो में बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी लोग इजराइल के समर्थन में सामने आए हैं। हमास पर उन्होंने यहूदी समुदाय के खिलाफ आतंकवादी हमले करने का आरोप लगाया है।

शिकागो क्षेत्र में भारतीय-अमेरिकियों ने यहूदी समुदाय के साथ अपनी एकजुटता दिखाने के लिए दो रैलियां कीं। भारतीय-अमेरिकी नेता डॉ. भरत बरई ने कहा कि समुदाय इजराइल के लोगों के साथ खड़ा है, जिन्हें गाजा से लगातार रॉकेट हमलों से निशाना बनाया जाता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि हमास के आतंकवादियों ने न केवल इजराइल में घरों को नष्ट कर दिया है और निर्दोष नागरिकों को मार डाला है

बल्कि वे गाजा के लोगों को भी आतंकित कर रहे हैं। दशकों तक युद्ध का सामना करने के बाद, इजराइल और गाजा के लोग शांति से रहना चाहते हैं।

अपने संबोधन में, बरई ने इजराइल का समर्थन जारी रखने के लिए समुदाय की ठोस प्रतिबद्धता व्यक्त की और इस कठिन परिस्थिति में क्षेत्र में शांति की मांग की।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।